www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 36.c
26.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 87.970g
चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 खतरा बनता बढ़ता तापमान, लोगों की सेहत और आर्थिकी पर पड़ेगा दुष्प्रभाव
मौसी की बेटी पर हमले के आरोपी गिरफ्तार 04

वर्ष :08 | अंक :247 | मुंबई ,शुक्रवार , 28 फरवरी, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में इस मौसम का सबसे अधिक तापमान दर्ज

राष्ट्रीय राजधानी मे बुधवार को इस मौसम का अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यहां बुधवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में इस वर्ष फरवरी में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और यह 27 फरवरी 2023 को दर्ज किए गए अधिकतम तापमान के जितना है। जबकि फरवरी 2024 में अधिकतम तापमान इससेथोड़ा कम 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। राजधानी में बुधवार को न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.9 डिग्री अधिक है। दिल्ली में बुधवार को आर्द्रता का स्तर 86 प्रतिशत से 59 प्रतिशत के बीच रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 247 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है।

### ट्रेनों में चोरी करने वाले हरियाणा के गिरोह का सदस्य ठाणे में गिरफ्तार

**12 लाख रुपये के आभूषण बरामद**

लंबी दूरी की ट्रेन में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले हरियाणा के एक गिरोह के सदस्य को ठाणे से गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 12 लाख रुपये मूल्य के आभूषण बरामद किये गये हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरोह के सदस्य को पुणे निवासी एक व्यक्ति की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया। दो फरवरी को वेरावल एक्सप्रेस से यात्रा के दौरान मुंबई के बाहरी इलाके में वापी और वसई रोड स्टेशन के बीच पुणे निवासी व्यक्ति केबैग से आभूषण चोरी कर लिये गये थे। अपराध शाखा के वरिष्ठ निरीक्षक विजय खेड़कर ने बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सुरागों पर काम करने के बाद जीआरपी ने सोमवार को ठाणे रेलवे स्टेशन के निकट एसटी स्टैंड के पास से हरियाणा के एक गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति ट्रेन यात्रियों को निशाना बनाता था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने गिरोह के सदस्य से 11.7 लाख रुपये मूल्य के 178 ग्राम आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने अभी तक उसके नाम और उम्र का खुलासा नहीं किया है। अधिकारी ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# महाकुंभ 'युग परिवर्तन की आहट', इसने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया: मोदी

**महाकुंभ का यह आयोजन आधुनिक युग के 'मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स' के लिए अध्ययन का विषय बना है :मोदी**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

**प्रयागराज में हाल ही में संपन्न हुए महाकुंभ पर एक भावपूर्ण ब्लॉग पोस्ट लिखी है, जिसमें उन्होंने इसे एकता का भव्य उत्सव बताया है। उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों की भक्ति और भागीदारी की गहरी प्रशंसा की।**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ को गुरुवार को 'युग परिवर्तन की आहट' करार दिया और कहा कि इस आयोजन ने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है और यह संदेश है 'विकसित भारत' का. महाकुंभ के पूर्ण होने पर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से साझा किए गए एक आलेख में प्रधानमंत्री ने इस भव्य आयोजन को एकता का महाकुंभ बताया और कहा कि जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वह सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा. उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे और सभी ने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया. उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में, इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी. प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में संपन्न महाकुंभ का यह आयोजन आधुनिक युग के 'मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स' (प्रबंधन पेशेवरों) के लिए, प्लानिंग (नियोजन) और पॉलिसी एक्सपर्ट्स (नीति विशेषज्ञों) के लिए नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है।



**सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जताया आभार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट के जरिए कहा कि प्रधानमंत्री जी, यह आपके यशस्वी मार्गदर्शन का ही सुफल है कि ह्यएकता, समता, समरसता का महायज्ञ महाकुम्भ-2025, प्रयागराज भव्यता-दिव्यता के साथ सुरक्षा-स्वच्छता-सुव्यवस्था के नवीन मानक गढ़कर आज संपन्न हो गया है। विगत 45 पुण्य दिवसों में पूज्य साधु-संतों समेत 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर कृतार्थ हुए हैं। सकल विश्व को ह्यसभी जन एक हैं का अमृत संदेश देने वाला यह मानवता का महोत्सव ह्यवसुधैव कुटुंबकम्के पुण्य भाव के साथ संपूर्ण विश्व को एकता के सूत्र में पिरो रहा है। आपका मार्गदर्शन एवं शुभेच्छाएं हम सभी को सदैव नई ऊर्जा प्रदान करती हैं।

**महाकुंभ पर प्रधानमंत्री मोदी का चिंतन**

महाकुंभ संपन्न हो गया है। एकता का भव्य उत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। प्रयागराज में 45 दिनों तक जिस तरह से 140 करोड़ भारतीयों की आस्था इस पवित्र आयोजन से जुड़ी रही, वह वाकई अभिभूत करने वाला है! महाकुंभ के समापन पर मैंने अपनी भावनाओं को शब्दों में पिरोने की कोशिश की है। उन्होंने आगे बताया कि किस तरह इस आयोजन ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण को मूर्त रूप दिया और लाखों श्रद्धालुओं पर इसका अमिट प्रभाव पड़ा। इस महाकुंभ में समाज के हर वर्ग के लोग एक साथ आए। एकता का यह अविस्मरणीय नजारा करोड़ों भारतीयों के लिए आत्मविश्वास का पर्व बन गया। इस पर्व को सफल बनाने में लोगों के प्रयासों, समर्पण और दृढ़ संकल्प ने मुझे बहुत प्रभावित किया है।

# वक्फ बिल में 14 बदलावों को मोदी सरकार ने दी मंजूरी

**बजट सत्र के दूसरे चरण में संसद में पेश करने की तैयारी**

**भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने जेपीसी समीक्षा का नेतृत्व किया और 27 जनवरी को विधेयक को अनुमति देने से पहले इसमें 14 संशोधनों को अपनाया। समिति की 655 पेज की रिपोर्ट बाद में 13 फरवरी को दोनों संसद सदनों में पेश की गई।**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित वक्फ (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसमें संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा दिए गए सुझाव शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिल अब अगले संसद सत्र में पेश किया जाएगा, जो 10 मार्च से शुरू होगा। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने जेपीसी समीक्षा का नेतृत्व किया और 27 जनवरी को विधेयक को अनुमति देने से पहले इसमें 14 संशोधनों को अपनाया। समिति की 655 पेज की रिपोर्ट बाद में 13 फरवरी को दोनों संसद सदनों में पेश की गई।

वक्फ संशोधन विधेयक को भारतीय बंदरगाह विधेयक के साथ मंजूरी दे दी गई और इसे शेष बजट सत्र के लिए सरकार की प्राथमिकता सूची में जोड़ा गया है। कुल 66 संशोधन पेश किए गए - 23 सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों द्वारा और 44 विपक्ष द्वारा। लेकिन विपक्षी संशोधनों को पार्टी आधार पर खारिज कर दिया गया क्योंकि समिति में भाजपा या उसके सहयोगियों के 16 सांसद और विपक्ष के 10 सांसद हैं।

एक नया विवाद तब छिड़ गया जब विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि संसद में पेश की गई अंतिम जेपीसी रिपोर्ट से उनके असहमति नोट के कुछ हिस्से हटा दिए गए हैं। सरकार ने जोर देकर कहा कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया, जेपीसी अध्यक्ष को समिति पर 'आक्षेप' लगाने वाले अनुभागों को हटाने का अधिकार था। लेकिन विपक्ष के दबाव में बाद में इस बात पर सहमति बनी कि असहमति नोट को उनके मूल स्वरूप में डाला जाएगा। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 ने वक्फ अधिनियम, 1995 में बड़े बदलाव पेश किए, जो भारत में मुस्लिम धर्मार्थ संपत्तियों के प्रशासन को नियंत्रित करता है।

# ममता ने बीजेपी पर लगाया फर्जी वोटर कार्ड बनवाने का आरोप

**बोलीं- बाहरी लोगों को बंगाल पर कब्जा नहीं करने देंगे**

**कब्जा**

**ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त करने पर ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा निर्वाचन आयोग को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हम बाहरी लोगों को बंगाल पर कब्जा नहीं करने देंगे।**

एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस की विस्तारित संगठनात्मक बैठक गुरुवार हुई, जहां पार्टी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति का खाका तैयार किया गया। इस दौरान ममता बनर्जी ने भाजपा पर जमकर वार किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक निर्वाचन आयोग निष्पक्ष नहीं होगा, तब तक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। उन्होंने हुकांर भरते हुए कहा कि हम उन फर्जी मतदाताओं की पहचान करेंगे, जिन्हें भाजपा की मदद से पंजीकृत किया गया है। ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त करने पर ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा निर्वाचन आयोग को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हम बाहरी लोगों को बंगाल पर कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने हरियाणा, गुजरात के नकली मतदाताओं का नामांकन कराकर दिल्ली और महाराष्ट्र में चुनाव जीते। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो हम मतदाता सूची से फर्जी मतदाताओं को हटाने की मांग को लेकर निर्वाचन आयोग कार्यालय के समक्ष धरना देंगे। एक अन्य घटनाक्रम में, टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया



# मां गंगा की पूजा-अर्चना कर मुख्यमंत्री ने संगम तट पर चलाया सफाई अभियान

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाईकर्मियों को दिया बड़ा तोहफा, 10 हजार रुपये के बोनस का ऐलान**

**सभा को संबोधित करते हुए, योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से प्रयागराज जैसे आध्यात्मिक महत्व के स्थानों पर, जो कुंभ मेले की मेजबानी करता है।**



एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के अरैल घाट पर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। यह पहल स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने और प्रमुख धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के राज्य के चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। अभियान के दौरान, सीएम योगी ने अधिकारियों

- स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी और मिनिमम वेज नहीं पाने वाले सभी कर्मियों को योगी सरकार देगी 16 हजार रुपए निश्चित मानदेय
- सीएम को भेंट किया गया प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा बनाए गए तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र

और स्वयंसेवकों के साथ, पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सार्वजनिक भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए, घाट क्षेत्र की सफाई की। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता को दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने और नदी तटों और तीर्थ स्थलों का संरक्षण सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। सभा को संबोधित करते हुए, योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से प्रयागराज जैसे आध्यात्मिक महत्व के स्थानों पर, जो कुंभ मेले की मेजबानी करता है। स्वच्छता अभियान में स्थानीय अधिकारियों, स्वयंसेवकों और भक्तों की भागीदारी देखी गई।

# पीथमपुर में ही जलेगा यूनियन कार्बाइड का 'जहर', सुप्रीम कोर्ट का सिग्नल मिलते ही कार्रवाई शुरू

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा जलाने की प्रक्रिया पीथमपुर में कल से. पहले चरण के ट्रायल की तैयारी.**

एजेंसी



भोपालः भोपाल के यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के जहरीले कचरे को इंदौर के पास पीथमपुर की एक फैक्ट्री में जलाने की हरी झंडी मिल गई है. गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस जहरीले कचरे को नष्ट करने पर लगी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए रोक लगाने से इंकार कर दिया. सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है याचिका लगाने वालों का पक्ष मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने सुन लिया है. सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अब सुनवाई नहीं करेगा. क्योंकि हाई कोर्ट मामले की निगरानी ठीक तरीके से कर रहा है. इसलिए हमें इस विवादित आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता.सूत्रों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच में जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह ने मामले की सुनवाई की।

# पुलिस ने निलंबित आप विधायकों को संसद जाने से रोका

**आतिशी ने कहा, 'पुलिस अधिकारी बता रहे हैं कि आप विधायकों को दिल्ली विधानसभा परिसर में जाने से रोक दिया गया है। देश के पूरे संसदीय इतिहास में किसी भी विधानसभा परिसर से या संसद के परिसर से एक चुने हुए विधायक को परिसर में प्रवेश करने पर रोका गया हो, ऐसा कभी नहीं हुआ।'**

**आतिशी ने की निंदा, बीजेपी पर साधा निशाना**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा से निलंबित आम आदमी पार्टी के विधायकों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उन्हें संसद में घुसने से रोक दिया है। विधायकों ने दावा किया कि पुलिस ने उन्हें विधानसभा परिसर में घुसने से रोकने के लिए एंट्री रोड पर बैरिकेड्स लगा दिए थे। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद आप विधायक वहीं बैठ गए और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने हाथों में 'जय भीम' की तख्तियां भी पकड़ी हुई थीं। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने इस कदम की निंदा की। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि पार्टी ने 'तानाशाही' को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। आतिशी ने कहा, 'पुलिस अधिकारी बता रहे हैं कि आप विधायकों को दिल्ली विधानसभा परिसर में जाने से रोक दिया गया है। वे कह रहे हैं कि उनके पास स्पीकर से आदेश आए हैं कि आप के विधायकों को गेट पर ही रोकने लिया जाए। देश के पूरे संसदीय इतिहास में किसी भी विधानसभा परिसर से या संसद के परिसर से एक चुने हुए विधायक को परिसर में प्रवेश करने पर रोका गया हो, ऐसा कभी नहीं हुआ।' आतिशी ने आगे कहा कि लिस अधिकारी कह रहे हैं कि हम विधानसभा से निलंबित हैं इसलिए हमें विधानसभा परिसर में भी प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

# हिंदी मुखौटा है, संस्कृत चेहरा है

**भाषाविवाद के बीच स्टालिन का दावा, हिंदी ने 25 भाषाओं को किया खत्म**

**सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने आरोप लगाया है कि केंद्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में तीन-फामूर्ले के माध्यम से हिंदी को थोपने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, केंद्र सरकार ने इस आरोप का खंडन किया है।**

एजेंसी



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को 'हिंदी थोपने' विवाद में केंद्र पर दबाव बढ़ाते हुए दावा किया कि अन्य राज्यों में भाषा को जबरन अपनाने से 100 वर्षों में 25 मूल उत्तर भारतीय भाषाएं नष्ट हो गईं। सत्तारूढ़ भाजपा ने तुरंत पलटवार करते हुए इस टिप्पणी को "मूर्खतापूर्ण" बताते हुए खारिज कर दिया। स्टालिन ने कहा था कि 'अखंड हिंदी पहचान' के लिए दबाव ही प्राचीन भाषाओं को खत्म करता है। उत्तर प्रदेश और बिहार कभी भी 'हिंदी हार्टलैंड' नहीं थे... उनकी वास्तविक भाषाएं अब अतीत के अवशेष हैं। गुरुवार की सुबह एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने केंद्र की भी आलोचना की - जिसने तमिल राजनीतिक नेताओं पर 2026 के चुनाव से पहले एक अनुकूल राजनीतिक कथा बनाने के लिए तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने का आरोप लगाकर 'हिंदी थोपने' की आलोचना की थी।

**विरोध** गहलोत बोले- हमें बदनाम करने की हो रही कोशिश

# पार्टी विधायकों के निलंबन पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

एजेंसी

राजस्थान। राजस्थान कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अन्य कांग्रेस विधायकों के साथ राज्य विधानसभा में पार्टी के छह विधायकों के निलंबन को लेकर गुरुवार को राजस्थान विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, गहलोत ने कहा कि सत्तारूढ़ दल को हमारे विरोध की कोई चिंता नहीं है। हमें उनकी ओर से कोई संदेश नहीं मिला है। वे गोविंद सिंह डोटासरा को निशाना बना रहे हैं। वे कांग्रेस को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं (इस गतिरोध को खत्म करने के लिए) पिछले तीन दिनों से मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से बात कर रहा हूं। राज्य के एलओपी टीका राम जूली ने कहा कि वे हमें इस डर से विधानसभा में प्रवेश करने से रोक रहे हैं कि हम भी




अपनी बात रखेंगे। सत्ता पक्ष तानाशाही कर रहा है। मैंने संसदीय मंत्री और मुख्यमंत्री से भी बात की। लेकिन सत्ता पक्ष नहीं चाहता कि यह गतिरोध खत्म हो। वे नहीं चाहते कि बजट पर चर्चा हो। राजस्थान कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को कार्यवाही से बाहर किया जाना चाहिए और मंत्री को माफी मांगनी चाहिए... सरकार के तानाशाही रवैये के कारण हम विधानसभा में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं और लोगों के मुद्दों पर चर्चा नहीं कर पा रहे हैं। कांग्रेस विधायक पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लेकर राज्य मंत्री अविनाश गहलोत की कथित 'दादी' टिप्पणी को लेकर

**राज्य के एलओपी टीका राम जूली ने कहा कि वे हमें इस डर से विधानसभा में प्रवेश करने से रोक रहे हैं कि हम भी अपनी बात रखेंगे। सत्ता पक्ष तानाशाही कर रहा है। मैंने संसदीय मंत्री और मुख्यमंत्री से भी बात की। लेकिन सत्ता पक्ष नहीं चाहता कि यह गतिरोध खत्म हो।**

विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। राजस्थान के मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि हर गतिरोध का अंत समझौता है। हमारे दरवाजे खुले हैं। हम ईमानदारी से विधानसभा में सार्वजनिक मुद्दों पर चर्चा के लिए इस गतिरोध से आगे बढ़ना चाहते हैं। कांग्रेस को अपने अपमानजनक व्यवहार और अपमानजनक टिप्पणियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। हम इस गतिरोध को तोड़ने के लिए यथासंभव लचीले होंगे। सरकार के तानाशाही रवैये के कारण हम विधानसभा में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं और लोगों के मुद्दों पर चर्चा नहीं कर पा रहे हैं. कांग्रेस विधायक पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लेकर राज्य मंत्री अविनाश गहलोत की कथित दादी टिप्पणी को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. राजस्थान के मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि हर गतिरोध का अंत समझौता है. हमारे दरवाजे खुले हैं. हम ईमानदारी से विधानसभा में सार्वजनिक मुद्दों पर चर्चा के लिए इस गतिरोध से आगे बढा चाहते हैं. कांग्रेस को अपने अपमानजनक व्यवहार और अपमानजनक टिप्पणियों के लिए माफी मांगनी चाहिए. हम इस गतिरोध को तोडे के लिए यथासंभव लचीले होंगे.

# दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष बने मोहन सिंह बिष्ट, सीएम रेखा गुप्ता ने नाम का रखा था प्रस्ताव



**5 फरवरी के चुनावों में भाजपा की निर्णायक जीत के बाद आठवीं दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र चल रहा है, जिससे आप का एक दशक से अधिक लंबा शासन समाप्त हो गया। भाजपा नेता बिष्ट (67) हालिया दिल्ली विधानसभा चुनाव मुस्तफाबाद से जीते हैं।**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता मोहन सिंह बिष्ट को दिल्ली विधानसभा का उपाध्यक्ष चुना गया है। वह मुस्तफाबाद से विधायक हैं। बिष्ट को उपाध्यक्ष नियुक्त करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रखा था और इसे पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का जोरदार समर्थन मिला। बिष्ट ने आप के अदील अहमद खान को 17,000 से अधिक वोटों से हराकर सीट जीती। मुस्तफाबाद से पहले, उन्होंने 1998 से 2015 तक करावल नगर सीट का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2020 में फिर से सीट जीती। 5 फरवरी के चुनावों में भाजपा की निर्णायक जीत के बाद आठवीं दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र चल रहा है, जिससे आप का एक दशक से अधिक लंबा शासन समाप्त हो गया। भाजपा नेता बिष्ट (67) हालिया दिल्ली विधानसभा चुनाव मुस्तफाबाद से जीते हैं। उन्होंने 17,000 से अधिक मतों के अंतर से आम आदमी पार्टी (आप) के आदिल अहमद खान को हराया था। मुस्तफाबाद से पहले बिष्ट ने 1998 से 2015 तक करावल नगर सीट का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 2020 में फिर से यह सीट (करावल नगर) जीती थी। पांच फरवरी के चुनाव में भाजपा की निर्णायक जीत के बाद आठवीं दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र जारी है।

# सम्पादकीय

## रूस को चीन के पाले से निकालते ट्रंप, अमेरिका-रूस संबंध बेहतर होंगे तो यह भारत के हित में होगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के साथ वर्षों से चली आ रही अनबन दूर करने और संबंध सुधारने के लिए कुछ अप्रत्याशित कदम उठाए हैं। इससे वैश्विक भूराजनीतिक परिदृश्य पर बड़ी हलचल हुई है। उनकी ऐसी असामान्य सी पहल ने नाटो गठबंधन के भीतर ही दरारें पैदा कर दी हैं। इससे पश्चिमी देश इस बात को लेकर आशंकित हुए हैं कि अमेरिका यूक्रेन और यूरोप की रक्षा के प्रति अपेक्षित दायित्व निभाने का इच्छुक नहीं रह गया है। ट्रंप द्वारा यूरोप को एक तरह से दरकिनार करने और उदारवादियों के सबसे अधिक निशाने पर रहने वाले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मेल-मिलाप से यूरोपीय देशों में निराशा का माहौल है। ट्रंप के रुख-रवैये में आए इस बदलाव से दूसरा परेशान पक्ष है चीन। यूक्रेन के अस्तित्व और रूस के साथ उसके तीन वर्षों से चल रहे युद्ध के अंजाम जैसे विषय विश्व व्यवस्था के लिए अहम तो हैं, पर इससे भी महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या अमेरिका रूस को चीन के चंगुल से निकालकर बाहर लाने में कामयाब हो सकता है? जबसे ट्रंप ने पूर्ववर्ती जो बाइडन प्रशासन की नीतियों को उलटकर पुतिन के साथ नरम रुख अपनाया है तो कुछ टिप्पणीकार इसकी तुलना रिवर्स निक्सन यानी पिछली सदी के आठवें दशक में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के रणनीतिक उलटफेर से कर रहे हैं। निक्सन ने सोवियत संघ की काट के लिए माओवादी चीन से हाथ मिलाया था। इसने रूस-चीन कम्युनिस्ट गठबंधन में दरार डाली। अतीत में निक्सन को अपनी नीति में सफलता इसीलिए भी मिली थी कि तब यूरोप भी अमेरिका से सहमत था। फिलहाल अमेरिका और यूरोप में मतभेद इतने गहरे हैं कि रूस पर भले ही अमेरिकी दबाव कम हो जाए लेकिन यूरोप के साथ रूस के आर्थिक और तकनीकी रिश्ते कड़वे ही रहेंगे। विशेषकर तब तक जब तक कि यूरोप के अनुसार रूस यूक्रेन के साथ न्याय नहीं करता। परिणामस्वरूप अमेरिका शीत युद्ध का विजेता बना। उसी तर्ज पर अब यह माना जा रहा है कि ट्रंप भी इसी प्रकार रूस से तनातनी घटाकर चीन के साथ उसकी घनिष्ठ मित्रता को दुर्बल करने की मंशा से अलग राह पर चल रहे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस संदर्भ में कहा है, अमेरिका प्रशांत क्षेत्र में चीन के साथ युद्ध रोकने को प्राथमिकता दे रहा है, यूरोप और एशिया दोनों क्षेत्रों में सैन्य संसाधन बनाए रखने से जुड़ी समस्या की वास्तविकता को भांप रहा है और यह सुनिश्चित करने के लिए यूरोप से कूच करना चाहता है कि एशिया में चीन का प्रतिरोध विफल न हो जाए। इसका अर्थ है कि रूस के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाकर, यूक्रेन युद्ध का अंत कराकर और यूरोप की सुरक्षा का भार यूरोपीय देशों के हाथों सौंप कर अमेरिका अपनी सैन्य और सामरिक ऊर्जा को हिंद-प्रशांत में चीन के विरुद्ध केंद्रित करने का प्रयास करेगा।

# आज का विचार







**मेष :** आज भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृष :** वृष आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन :** आज ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**कन्या :** आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु :** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मकर :** आज शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।

**मीन :** आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# खतरा बनता बढ़ता तापमान, लोगों की सेहत और आर्थिकी पर पड़ेगा दुष्प्रभाव

> मच्छर जैसे परजीवी बढ़ते तापमान से पैदा हो रहे हैं। पारंपरिक दवाएं उन पर बेअसर साबित हो रही हैं। धरती पर नमी कम होने से गर्मी बढ़ते ही जंगलों में आग का खतरा भी बढ़ जाता है। यदि गर्मी ऐसे ही बढ़ती रही तो लू के दिन भी बढ़ेंगे जो देश की बड़ी आबादी के स्वास्थ्य और आर्थिक हालात पर असर डालेंगे।

इस साल फरवरी के पहले ही हफ्ते में मैदानी राज्यों में गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू दिए। ध्यान रहे कि बीता साल भारत के लिए बेहद गर्म रहा था, जिसमें हर महीने औसतन न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया था। इस वर्ष जिन दिनों में वसंत की मधुरता का अहसास होना चाहिए, उन दिनों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश आदि में पारा बढ़ गया और महाराष्ट्र के विदर्भ, तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और दमन-दीव के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 35-38 डिग्री के बीच रिकार्ड किया जा रहा है। दिल्ली और उसके आसपास का तापमान 28 डिग्री से पार होना सामान्य नहीं। बीते कुछ वर्षों में जब गर्मी अचानक बढ़ती थी तो मान लिया जाता था कि यह अल नीनो या ला नीना का असर है, लेकिन इस बार तो ला नीना अप्रभावी रहा। स्पष्ट है कि मौसम का बदलता मिजाज जलवायु परिवर्तन की मजबूत होती पकड़ की तरफ इशारा कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मौसम संस्था कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस के अनुसार, इस साल जनवरी में विश्व का औसत तापमान 13.23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले साल की सबसे गर्म जनवरी से 0.09 डिग्री अधिक था। ऐसा तब हुआ, जब प्रशांत महासागर में ला नीना प्रभाव विकसित हुआ था।



दक्षिणी अमेरिका से भारत तक के मौसम में बदलाव के सबसे बड़े कारण अल नीनो और ला नीना प्रभाव ही होते हैं। अल नीनो का संबंध भारत एवं ऑस्ट्रेलिया में गर्मी और सूखे से है, वहीं ला नीना अच्छे मानसून का वाहक है। इन दोनों घटनाओं का संबंध सुदूर पेरू के तट (पूर्वी प्रशांत) और ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट (पश्चिमी प्रशांत) से है। हवा की गति इन प्रभावों को दूर तक ले जाती है। यहां जानना जरूरी है कि भूमध्य रेखा पर समुद्र पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं। इस इलाके में पूरे 12 घंटे निर्बाध सूर्य के दर्शन होते हैं, जिससे सूर्य की ऊष्मा अधिक समय तक यहां की धरती की सतह पर रहती है। तभी भूमध्य क्षेत्र या मध्य प्रशांत इलाके में अधिक गर्मी पड़ती है। इससे समुद्र की सतह का तापमान प्रभावित रहता है। आमतौर पर सामान्य परिस्थिति में भूमध्यीय हवाएं पूर्व से पश्चिम की ओर बहती हैं और गर्म हो चुके समुद्री जल को ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी समुद्री तट की ओर बहा ले जाती हैं। गर्म पानी से भाप बनती है और उससे बादल बनते हैं। परिणामस्वरूप पूर्वी तट के आसपास अच्छी वर्षा होती है। नमी से लदी गर्म हवाएं जब ऊपर उठती हैं तो उनकी नमी निकल जाती है और वे ठंडी हो जाती हैं। तब पश्चिम से पूर्व की ओर चलने वाली ठंडी हवाएं पेरू के समुद्री तट एवं उसके आसपास नीचे की ओर आती हैं। तभी ऑस्ट्रेलिया के समुद्र से ऊपर उठती गर्म हवाएं इससे टकराती हैं। इससे निर्मित चक्रवात को ह्यवाकर चक्रवातह्न कहते हैं। अल नीनो परिस्थिति में पछुआ हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं एवं समुद्र का गर्म पानी लौट कर पेरू के तटों पर एकत्र हो जाता है। इस तरह समुद्र का जल स्तर 90 सेंटीमीटर तक ऊंचा हो जाता है। इसके परिणामस्वरूप वाष्पीकरण होता है और बरसात वाले बादल निर्मित होते हैं। इससे पेरू में तो भारी बरसात होती है, लेकिन मानसूनी हवाओं पर इसके विपरीत प्रभाव के चलते ऑस्ट्रेलिया से भारत तक सूखे की स्थिति बन जाती है। ला नीना प्रभाव के दौरान भूमध्य क्षेत्र में सामान्यतया पूर्व से पश्चिम की तरफ चलने वाली अंधड़ हवाएं पेरू के समुद्री तट के गर्म पानी को ऑस्ट्रेलिया की तरफ धकेलती हैं। इससे पेरू के समुद्री तट पर पानी का स्तर बहुत नीचे आ जाता है, जिससे समुद्र की गहराई का ठंडा पानी थोड़े से गर्म पानी को प्रतिस्थापित कर देता है। इन दिनों ला नीना सक्रिय है, लेकिन आश्चर्यजनक तरीके से न तो भारत में वर्षा हो रही है और न ही पहाड़ों पर पर्याप्त बर्फबारी। उलटे तापमान तेजी से बढ़ रहा है। मौसम की गर्मी ऐसे ही बढ़ती रही तो सबसे बड़ा नुकसान खेती-किसानी को होगा। गेहूं के दाने कमजोर होंगे और चना-सरसों फसल भी समय से पहले पक जाएंगी। सेब और लीची के पेड़ों में फूलों के परागण का समय कम रहेगा, जिससे फल बनने एवं पकने की प्रक्रिया प्रभावित होगी। यदि तापमान एक डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो यह खरीफ मौसम के दौरान किसानों की आय 6.2 प्रतिशत तक घटा देता है और असिंचित क्षेत्रों में रबी मौसम के दौरान किसानों की आय छह प्रतिशत तक कम कर देता है। इसी तरह बारिश में औसतन 100 मिमी की कमी होने पर खरीफ के मौसम में किसानों की आय में 15 प्रतिशत और रबी के मौसम में किसानों की आय में सात प्रतिशत की गिरावट आती है। अब यह खतरा सिर पर है। मच्छर जैसे परजीवी बढ़ते तापमान से पैदा हो रहे हैं। पारंपरिक दवाएं उन पर बेअसर साबित हो रही हैं। धरती पर नमी कम होने से गर्मी बढ़ते ही जंगलों में आग का खतरा भी बढ़ जाता है। यदि गर्मी ऐसे ही बढ़ती रही तो लू के दिन भी बढ़ेंगे, जो देश की बड़ी आबादी के स्वास्थ्य और आर्थिक हालात पर असर डालेंगे। ऐसे में सरकार को अपनी नीतियां गर्म होते मौसम के अनुरूप बनाने की जरूरत है। सबसे पहले ग्रीनहाउस गैस कम करने के तरीकों को कड़ाई से लागू किया जाना चाहिए। फिर ऊर्जा और पानी की बचत प्राथमिकता के आधार पर होनी चाहिए। अंत में इससे प्रभावित होने वाले मेहनतकश लोगों को राहत और वैकल्पिक आजीविका की कार्ययोजना गांव स्तर पर बनाई जानी चाहिए।

# इंटरनेट हिन्दी के लिए भविष्य का सर्वाधिक सक्रिय मीडिया

विजय गर्ग




भारत इंटरनेट, सूचना क्रान्ति और कम्प्यूटिंग प्रोग्रेसिंग में शीर्ष पर है। भारत में जन सामान्य के लिए इंटरनेट सेवा का आरम्भ 15 अगस्त, 1995 को विदेश संचार लिमिटेड द्वारा किया गया। इंटरनेट एक ऐसा विश्वव्यापी कम्प्यूटर नेटवर्क है, जो दुनिया भर में फैला है, लेकिन उस पर न तो किसी का नियंत्रण है, और न ही वह किसी कानूनी दायरे में आता है। आधुनिक संचार माध्यम भी रीमिक्स भाषा से अछूता नही रह सका। हिन्दी भाषा का यह रीमिक्स भाषायी आयाम अनेक प्रश्नों को विवादों को जन्म तो दे रहा है, साथ ही साथ हिन्दी भाषा का यह चेहरा बदलते तकनीकि जगत में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल हुआ है। इसे नकारा नही जा सकता। इंटरनेट की, संचार-प्रक्रिया में अपनी भूमिका है। हिन्दी भाषा के प्रसार-प्रचार में भी इंटरनेट का स्थान महत्वपूर्ण एवं दृष्टिगोचर होता है। कहना सही होगा कि संचार प्रक्रिया में अर्थपूर्ण विचारों का आदान-प्रदान करने हेतु इंटरनेट का सही उपयोग हो रहा है। इंटरनेट के माध्यम से देवनागरी में यांत्रिक सुविधाओं तथा नवीनतम द्वि भाषी शब्द संसाधक प्रणाली का विकास हो रहा है। विडोंज पर आधारित देवनागरी फॉण्ट उपलब्ध हो रहे है। अक्षर झ प्प मल्टीवर्ड, शब्दमाला, शब्दरत्न सुपर, अलिशा, ए0एल0पी0, विजन, वर्ड्सवर्थ, भाषा, शब्द सम्राट, आकृति आदि द्वि भाषी शब्द संसाधकों की जानकारी इंटरनेट के माध्यम से हिन्दी प्रेमियों को मिलने के कारण हिन्दी भाषा विकास को नई दिशा मिल रही है। इंटरनेट टेलीफोनी के माध्यम से भी प्रचुर मात्रा में हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार विदेशों में हो रहा है। साहित्यकारों के लिए अधिकतम ज्ञान प्राप्त करने हेतु इंटरनेट उपयुक्त सिद्ध हो रहा है। विभिन्न भारतीय भाषाओं का साहित्य हिन्दी के माध्यम से पाठकों तक पहुँचाने का कार्य इंटरनेट के माध्यम से सुविधाजनक हो रहा है। वर्तमान समय में हिन्दी भाषा के अनुसंधानात्मक विकास में अनुसंधान क्षेत्र में नई दिशा देने में इंटरनेट की भूमिका महत्वपूर्ण दृष्टिगोचर होती है। इंटरनेट के माध्यम से मानव के ज्ञान में तीव्रता से वृद्धि होती है। इंटरनेट पर एक सवाल का जवाब खोजने के सिलसिले में कई दूसरे तरह का ज्ञान भी प्राप्त हो जाता है। जो अचानक ही खोज के दौरान जाहिर होते है। इंटरनेट की भाषा में इसे सिरेनडियिटी (आकस्मिक लाभवृत्ति) कहा जाता है। हिन्दी भाषा के विकास में इस आकस्मिक लाभवृत्ति का उपयोग हो रहा है। हिन्दी परिभाषिक शब्दों को सीखने हेतु अब इंटरनेट का प्रयोग हो रहा है। भले ही यह परिभाषिक शब्दावली हिन्दी व्याकरण के नियम तोड़ रही हो, इसमें अंग्रेजी शब्दों का प्राचुर्य हो, फिर भी इंटरनेट के माध्यम से हिन्दी का जो सर्वथा भिन्न रूप सामने आ रहा है, इस रूप को हिन्दी पाठक अपना रहा है। समकालीनता का विचार किया जाय, तो इंटरनेट के प्रति लोगों का आकर्षण दिन व दिन बढ़ता जा रहा है। उपयोगकताओं को जिन शब्दों में ज्ञान की आवष्यकता है, उन्ही शब्दों में ज्ञान दियाजा रहा है और यह ज्ञान प्रचलित शब्दों में होने के कारण समकालीन पीढ़ी इंटरनेट की भाषा पर आपत्ति नही उठा रही है। अतः इंटरनेट पर आ रही हिन्दी भाषा पर विवाद उठाने के बजाय इंटरनेट के लिए व्यावसायिक उद्देश्य पूरा करने वाले हिन्दी शब्द का निर्माण करना हिन्दी भाषा की पुरानी इंटरनेटीय दिशा में अग्रेसित होना चाहिए। वर्तमान समय में हमें इंटरनेट के लिए स्वतन्त्र हिन्दी भाषा का निर्माण करना होगा।

अतः हिन्दी शब्दों का मानकीकृत रूप इंटरनेट में लाने के लिए व्यापक स्तर पर अनुसंधान होना अनिवार्य है। डॉ0 अवधेश सिंह कहते है- लाइनक्स नामक एक नया ऑपरेटिग सिस्टम इसी दिशा में अधुनातन पहल है। यह इंटरनेट पर अंतक्रिया करने वाले हजारों प्रोग्रामरों का सहयोगात्मक प्रयास है, जिसमे तकनीकि शब्दों को ही नही, आम जीवन के शब्दों को भी एक मानक रूप देकर प्रचलित करने की चेष्टा की जा रही है। कहने का तात्पर्य यह है कि यदि हिन्दी शब्दों और उसके रूपों को मानकीकृत करने का काम हिन्दी वालो द्वारा किया जाता है, तो ऐसा नही है कि यह काम रूका रहेगा। बहुराष्ट्रीय कम्पनियॉ इस काम को अपने हाथ में ले लेगी। ऐसा वे हिन्दी के प्रति स्नेह के आवेश में नही, बल्कि अपना माल बेचने के लिए करेगी। कहना आवश्यक नही कि अपना व्यावसायिक उद्देश्य पूरा करने के लिए काम चलाउ हिन्दी को विकसित करने का प्रयास हो रहा है। इसे रोकना होगा। इंटरनेट के लिए हिन्दी का मानक कोश निर्माण करने की जिम्मेदारी समकालीन पीढ़ी की है। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रमोचित हिन्दी सॉटवेयर उपकरण ;भ्पदकपै वजि्ंतम ज्वव्सेद्ध विकसित किया गया है, जिसमें हिन्दी भाषा के यूनीकोड आधारित ओपन टाईप फॉन्ट्स, कीबोर्ड, ड्राइवर हिन्दी भाषा के शब्द वर्तनी जॉचकर्ता, हिन्दी, भाषा का शब्दानुवाद टूल आदि विषयों की जानकारी प्राप्त होती है। इंटरनेट संसाधित भाषा शिक्षण को बढ़ावा देने में भारत सरकार द्वारा हुआ यह प्रयास महत्वपूर्ण माना जाता है। फिर भी भाषा अध्यापकों के लिए कम्प्यूटर के माध्यम से भाशा सिखाना आज भी कठिन कार्य बना है। भाषा शिक्षण के लिए आवश्यक हार्डवेयर और सॉटवेयर की उपलब्धता आज भी आवश्यकता के अनुसार नही हो रही है। इस स्थिति को नकारा नही जा सकता। कम्प्यूटर द्वारा गणित भौतिकी रसायन शास्त्र आदि विशय सिखाना सख्त है, क्योकि इन विषयों में किसी भी अध्यापक द्वारा पढ़ाई जाने वाली सामग्री प्रायः पूर्वनिर्धारित होती है। पर कम्प्यूटर के द्वारा भाषा सिखाना एक अत्याधिक जटिल कार्य है। भाषा सिखाना वास्तव में कौशल सिखाना है। लिखना व पढ़ना जैसा गौण कौशल अथवा नियमों पर आधारित व्याकरण आदि जैसा विषय तो फिर भी आधारभूत मूल सामान्य कम्प्यूटर से सिखाए जा सकते है, पर मौखिक और श्रवण कौशल सिखाना असंभव नही, तो दुश्कर अवश्य है। वर्तमान समय का विचार किया जाय तो वर्तनीशोधक, कम्प्यूटर काश रूपात्मक और वाक्यात्मक विश्लेशक, स्पीच सिंथे साइजर, रिकगनाइजर, डिकोटर आदि की उपलब्धता के कारण इंटरनेट के माध्यम से हिन्दी भाषा शिक्षण सुदुर पहुँच रहा है। इंटरनेट मे दिन व दिन बदलाव, भाशाई सुधार होकर हिन्दी भाषा शिक्षण पिछड़ी दशा में उभरकर नई दिशा की ओर अग्रसित हो रहा है। इसे हमे मानना होगा। हिन्दी भाषा के विकास हेतु नवीनतम टैक्नॉलॉजी विज्ञान के साथ सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। अखिल भारतीय स्तर पर यह प्रयास होना जरूरी है कि हिन्दी भाषा को व्यवहार एवं प्रयोग के स्तर पर सार्वदेशिक बनाया जाये। अतः यह बात तब संभव है जब समकालीन पीढ़ी इंटरनेट के माध्यम से हिन्दी भाषा शिक्षण को नई दिशा दें।

# अकर्मण्यता जीवन की उन्नती का बड़ा अवरोध

संजीव ठाकुर

यह बात चाहे मनुष्य के जीवन की हो यह राष्ट्र के उत्थान से संदर्भित हो, जीवन में मनुष्य के संदर्भ में अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक, मानसिक व्याधि और दशा है, यह जीवन को निर्रथक बनाती है। इसी तरह देश का शासन तंत्र यदि आक्रमण्य और निराशावादी हो तो देश की उन्नति में अवरोध और बढ़ाएं सदैव उत्पन्न होती रहती हैं। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए, और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता, प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा, आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए यदि व्यक्ति की आकांक्षा, सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य, करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है।

# पुणे बलात्कार मामलाः पुलिस ने आरोपी का पोस्टर जारी किया, सूचना देने वाले को एक लाख का इनाम

- पुणे पुलिस ने स्वारगेट बस डिपो में 26 वर्षीय महिला के साथ कथित बलात्कार मामले में वांछित आरोपी का पोस्टर जारी किया है, इस घटना से शहर में आक्रोश फैल गया है।



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबई / पुणे पुलिस ने स्वारगेट बस डिपो में 26 वर्षीय महिला के साथ कथित बलात्कार मामले में वांछित आरोपी का पोस्टर जारी किया है, इस घटना से शहर में आक्रोश फैल गया है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, पुलिस ने आरोपी की जानकारी देने पर ?1 लाख का इनाम भी घोषित किया है, जिसकी पहचान दत्तात्रेय रामदास गाडे के रूप में हुई है। पोस्टर में उल्लेख धारा 64, 351(2) 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पोस्टर में कहा गया है, ₹धारा 64, 351(2) 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया है और उक्त मामले में आरोपी का नाम दत्तात्रेय रामदास गाडे, उम्र 37 वर्ष, निवासी गुनात टी. शिरुर, जिला पुणे है और वह पंजीकृत अपराध में वांछित आरोपी है इसमें आगे कहा गया है, आरोपी दत्तात्रेय गाडे के बारे में सूचना देने पर 1,00,000/- (एक लाख रुपये) का इनाम दिया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।₹ घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही 26 वर्षीय महिला के साथ पुणे के स्वर्गेट बस डिपो में खड़ी शिवशाही बस में एक व्यक्ति ने बलात्कार किया। संदिग्ध ने उसे डिपो में खड़ी राज्य परिवहन निगम की शिवशाही बस में चढ़ने के लिए कहा, उसका पीछा करते हुए बस में चढ़ गया और उसके साथ बलात्कार किया।अपराध के बाद महिला ने पुलिस से संपर्क किया।

# अमेरिका में मौत से जूझ रही महाराष्ट्र की बेटी, माता-पिता को नहीं मिल सका मेडिकल इमरजेंसी वीजा

विदेश मंत्रालय ने कैलिफोर्निया में सड़क दुर्घटना के बाद जीवन के लिए संघर्ष कर रही महाराष्ट्र की छात्रा के परिवार के तत्काल वीजा के अनुरोध के मामले को अमेरिका के समक्ष उठाया है। महाराष्ट्र के सतारा की नीलम शिंदे 14 फरवरी को हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी और तब से अस्पताल में कोमा में हैं।

## नीलम शिंदे 14 फरवरी को सड़क हादसे में घायल हुई



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबई , अमेरिका में एक भारतीय छात्रा नीलम शिंदे के साथ एक दुखद सड़क हादसा हुआ है। 14 फरवरी को हुए एक हादसे के बाद से वह कोमा में हैं। उनके पिता तानाजी शिंदे को उनके पास जाने के लिए वीजा मिलने में दिक्कत आ रही थी। इस मामले में विदेश मंत्रालय के अमेरिकी विभाग के हस्तक्षेप के बाद अब शुक्रवार सुबह 9 बजे उनके पिता का आपातकालीन वीजा इंटरव्यू निर्धारित किया गया है। नीलम शिंदे कैलिफोर्निया के एक अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत गंभीर है। दरअसल महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड तालुका के वडगांव (उम्ब्रज) की रहने वाली नीलम शिंदे मास्टर ऑफ साइंस की अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। वह 14 फरवरी को एक चार पहिया वाहन की चपेट में आ गई थीं। इस हादसे में उन्हें कई फ्रैक्चर हुए हैं और उनके सीने और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। अस्पताल ने उनके परिवार से ब्रेन सर्जरी के लिए तुरंत सहमति मांगी थी। 16 फरवरी को हादसे की खबर मिलने के बाद से ही उनका परिवार वीजा के लिए संघर्ष कर रहा था। नीलम के पिता तानाजी शिंदे ने बताया कि हमें 16 फरवरी को हादसे के बारे में पता चला और तब से हम वीजा के लिए कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें अभी तक वीजा नहीं मिला है। परिवार केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगा रहा था।

### सुप्रिया सुले ने उठाया मामला

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले ने इस मामले को उठाया और विदेश मंत्री एस जयशंकर से वीजा प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर को टैग करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। सुले ने बताया कि यह एक गंभीर मामला है और हम सभी को इसे सुलझाने के लिए साथ आने की जरूरत है। मैं परिवार के लगातार संपर्क में हूं और उन्हें आश्वस्त कर रही हूं कि यह मामला सुलझ जाएगा।

### मुंबई में अमेरिकी दूतावास से भी संपर्क किया

केंद्र सरकार के साथ राजनीतिक मतभेदों के बावजूद सुले ने विदेश मंत्री जयशंकर की त्वरित प्रतिक्रिया और विदेशों में भारतीयों के लिए टएअ के निरंतर समर्थन की सराहना की।

फास्ट ट्रैक

# रेलवे विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे होने पर भुसावल मंडल में वॉकेथॉन का आयोजन

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



भुसावल मंडल में रेलवे विद्युतीकरण के ऐतिहासिक 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दिनांक 26 फरवरी 2025 को एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पाण्डेय द्वारा वॉकथॉन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वॉकथॉन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण से प्रारंभ होकर उत्तर दिशा रेलवे स्टेशन, भुसावल तक आयोजित की गई। इस दौरान रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों भाग लिया। इस आयोजन में अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन) श्री सुनील कुमार सुमन, अपर मंडल रेल प्रबंधक (तकनीकी) श्री एम. के. मीना सहित सभी वरिष्ठ शाखा अधिकारी, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रावेर रेलवे स्टेशन बना भुसावल मंडल का दूसरा हरित स्टेशन

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

भुसावल मंडल के रावेर रेलवे स्टेशन का विद्युतीकरण वर्ष 1964 में किया गया था। वर्तमान में यहां 99 किलोवाट का कनेक्टेड लोड है, जिससे प्रतिवर्ष 87,054 यूनिट बिजली की खपत होती है। अब तक इस संपूर्ण ऊर्जा की मांग राज्य विद्युत मंडल से बिजली खरीदकर पूरी की जा रही थी।दिनांक 25/02/2025 को मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री धरमवीर मीना ने वर्चुअल माध्यम से रावेर रेलवे स्टेशन पर 82 किलोवाट पीक (kWp) सौर ऊर्जा रूफटॉप पावर प्लांट का उद्घाटन किया, जिससे यह स्टेशन बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन गया है। रावेर रेलवे स्टेशन पर स्थापित 82 किलोवाट पीक (kWp) सौर ऊर्जा संयंत्र प्रतिवर्ष 1,19,720 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न करेगा। यह संयंत्र न केवल स्टेशन की दैनिक ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि वार्षिक खपत से 32,666 यूनिट अधिक ऊर्जा का उत्पादन भी करेगा। इस उपलब्धि के साथ, रावेर रेलवे स्टेशन भुसावल मंडल में देवळाली के बाद दूसरा हरित स्टेशन बन गया है। इस सौर ऊर्जा संयंत्र के कारण रावेर रेलवे स्टेशन पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा, अर्थात सौर ऊर्जा पर संचालित होगा। इस संयंत्र द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सौर ऊर्जा को नेट मीटरिंग प्रणाली के माध्यम से विद्युत वितरण कंपनी को आपूर्ति की जाएगी। इस नेट मीटरिंग व्यवस्था से भुसावल मंडल को प्रति वर्ष लगभग 99,631 की आर्थिक बचत होगी। यह सौर ऊर्जा संयंत्र केवल पारंपरिक जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली पर निर्भरता कम नहीं करेगा, बल्कि हर वर्ष 91 मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को भी कम करेगा। रेलवे का यह प्रयास न्यूनतम कार्बन फुटप्रिंट के साथ सतत विकास की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।



# पश्चिम रेलवे ने महाकुंभ के तीर्थयात्रियों को ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

## पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से लगभग 1.70 लाख तीर्थयात्रियों ने कुंभ स्पेशल ट्रेनों से यात्रा की

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मुंबई, महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ा। कई विभागों और एजेंसियों ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई, लेकिन इसमें रेलवे की भूमिका निस्संदेह अग्रणी रही। भारतीय रेल ने देशभर के तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं को प्रयागराज की पावन धरती तक पहुंचाने में मदद की और रेल परिचालन के मामले में एक अनूठा रिकॉर्ड भी बनाया। डेढ़ महीने तक चले इस आयोजन के दौरान करीब 15 करोड़ तीर्थयात्रियों ने रेल यात्रा का लाभ उठाया। दूसरे शब्दों में कहें तो महाकुंभ के करीब एक-चौथाई तीर्थयात्रियों ने प्रयागराज या आसपास के प्रमुख शहरों तक पहुंचने के लिए रेल परिवहन का इस्तेमाल किया।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे द्वारा चलाई गई स्पेशल ट्रेनों ने श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पश्चिम रेलवे द्वारा महाकुंभ में भाग लेने के लिए जाने वाले तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्टेशनों यथा- मुंबई सेंट्रल, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, विश्वामित्री, अहमदाबाद, साबरमती, भावनगर, राजकोट, इंदौर आदि से स्पेशल ट्रेनों के 125 फेरे चलाये गये। कुंभ स्पेशल ट्रेनों के 26 फेरे मुंबई सेंट्रल मंडल से, 24 फेरे अहमदाबाद मंडल से, 8 फेरे भावनगर मंडल से, 4 फेरे राजकोट मंडल से, 2 फेरे वडोदरा मंडल से और 6 फेरे रतलाम मंडल से चलाये गये। ये स्पेशल ट्रेनें प्रयागराज के साथ-साथ अन्य नजदीकी रेलवे स्टेशनों तक चलाई गईं और अनुमान है कि इन कुंभ स्पेशल ट्रेनों से करीब 1.70 लाख तीर्थयात्रियों ने यात्रा की।श्री विनीत ने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने में भारतीय रेल ने अग्रणी भूमिका निभाई। महाकुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं की यात्रा को सुखद और आध्यात्मिक अनुभव बनाने के लिए रेलवे द्वारा हरसंभव प्रयास किए गए।रेलवे ने महाकुंभ शुरू होने से काफी पहले ही अपनी कार्ययोजना को मूर्त रूप देना शुरू कर दिया था। बढ़ती हुई यात्रा मांग को पूरा करने के लिए देश के विभिन्न भागों से आने वाले तीर्थयात्रियों की अनुमानित संख्या के अनुसार विशेष अवसरों पर ट्रेनें चलाने की योजना बनाई गई। भारी मांग को देखते हुए रेलवे द्वारा इसके लिए विशेष उपाय किये गये और अतिरिक्त ट्रेनें चलाई गईं। वरिष्ठ रेल अधिकारी वॉर रूम से चौबीसों घंटे स्थिति पर नजर रख रहे थे, जहां सभी रेलवे स्टेशनों से सीसीटीवी कैमरों की फुटेज प्राप्त की जा रही थी। तदनुसार, योजनाएँ बनाई गईं और स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही, किसी एक मार्ग, किसी स्पेशल ट्रेन या स्टेशन पर दबाव को कम करने के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गईं। तीर्थयात्रियों की संख्या और मांग के अनुसार एक के बाद एक स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं।

भारतीय रेल ने महाकुंभ 2025 में भाग लेने वाले तीर्थयात्रियों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान कीं। रेलवे प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया कि श्रद्धालुओं को महाकुंभ तक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा मिले।

# मध्य रेल ने महाकुम्भ की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया- 3.85 लाख श्रद्धालुओं ने की यात्रा

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मध्य रेल ने महाकुम्भ-2025 की भव्य सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक सुनियोजित और व्यापक रेल सेवा नेटवर्क के साथ, 3.85 लाख से अधिक श्रद्धालु दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागमों में से एक, महाकुम्भ-2025 के लिए सुगमता के साथ प्रयागराज पहुँचे।प्रयागराज में महाकुम्भ के लिए देश भर से तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ देखी गई और भारतीय रेल ने उनकी यात्रा को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आध्यात्मिक समागम के दौरान रेल संचालन का एक बड़ा हिस्सा मध्य रेल द्वारा संचालित किया गया, जिसने यह सुनिश्चित किया कि श्रद्धालु प्रयागराज और आस-पास के शहरों तक सरलता और सुगमता से पहुँचें। रिकॉर्ड 17,000 से अधिक रेल सेवाओं के साथ, भारतीय रेल ने श्रद्धालुओं को विभिन्न गंतव्यों से प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों तक पहुंचाने और वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मध्य रेल ने कुम्भ मेला श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए अकेले मुंबई से कुल 823 ट्रेन सेवाओं का संचालन किया, जिसमें लोकमान्य तिलक टर्मिनस (LTT) से 708 और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) से 115 ट्रेन सेवाएं शामिल थीं। मुंबई के अलावा, पुणे ने भी 6 विशेष ट्रेनों सहित 102 ट्रेन सेवाओं का संचालन करके महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जबकि नागपुर में 6 विशेष ट्रेनों सहित 225 ट्रेन सेवाएं संचालित की गईं। महाकुम्भ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुचारू और समय पर यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इन ट्रेनों की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई और उनका संचालन किया गया। मध्य रेल ने महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्टेशनों पर 6,793 से अधिक ट्रेनों का ठहराव की सुविधा प्रदान की।

मध्य रेल के प्रमुख स्टेशनों से गुजरने वाली कई ट्रेनों में श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय संख्या देखी गईः

ठाणे में 383 ट्रेनों का ठहराव
कल्याण में 687 ट्रेनों का ठहराव
भुसावल में 723 ट्रेनों का ठहराव
नासिक में 601 ट्रेनों का ठहराव
मनमाड में 537 ट्रेनों का ठहराव
बैतूल में 138 ट्रेनों का ठहराव

मध्य रेल ने तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित, आरामदायक और चिंतामुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक उपाय किए। महाकुम्भ का आयोजन होने से काफी पहले ही इसकी योजना पर कार्य शुरू हो गया था, जिसमें विशेष दिनों पर ट्रेन यात्रा की विशिष्ट मांगों पर अधिक ध्यान दिया गया था। भारी भीड़ की आशंका को देखते हुए, अतिरिक्त ट्रेनें निर्धारित की गईं और चौबीसों घंटे सतर्कता के साथ वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों द्वारा स्थिति की निगरानी की गई साथ ही विभिन्न स्टेशनों पर सीसीटीवी फुटेज की लाइव फीड के जरिए संचालन के सभी पहलुओं को सुनिश्चित किया गया। मध्य रेल ने सावधानीपूर्वक योजना, समन्वय और अथक प्रयासों के माध्यम से महाकुम्भ 2025 के लिए तीर्थयात्रियों के सफल परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किए गए प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया कि श्रद्धालुओं को प्रयागराज से आवागमन में सुरक्षित, आरामदायक और कुशल यात्रा अनुभव प्राप्त हो, जिससे इस महा आयोजन की समग्र सफलता में बेहद महत्वपूर्ण योगदान मिला।

# मध्य रेल 48 अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेनें चलाएगा

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मध्य रेल प्रमुख मार्गों पर 48 अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेन सेवाएँ संचालित चलाएगा। इन विशेष ट्रेनों का उद्देश्य यात्रियों के लिए सुगम और सुविधापूर्ण यात्रा सुनिश्चित करना है। ये विशेष ट्रेनें निम्नलिखित के बिच चलेंगीः

मुंबई मऊ / दानापुर / बनारस / समस्तीपुर / कन्याकुमारी / तिरुवनंतपुरम

पुणे गाजीपुर / दानापुर / हजरत निजामुद्दीन

1) लोकमान्य तिलक टर्मिनस -दानापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (6 ट्रिप)

01009 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 10.03.2025, 15.03.2025 एवं 17.03.2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई से 12.15 बजे रवाना होगी और अगले दिन 17.00 बजे दानापुर पहुँचेगी। (3 ट्रिप)

01010 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल दानापुर से 11.03.2025, 16.03.2025 एवं 18.03.2025 को 18.15 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 04.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई पहुंचेगी। (3 ट्रिप)

ठहरावः ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, पिपरिया,

नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,बक्सर एवं आरो

संरचनाः एक एसी-2 टियर, एक एसी-2 टियर के साथ एसी-ककक टियर, 9 एसी-ककक टियर, 06 स्लीपर क्लास, 3 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 द्वितीय श्रेणी-सह-लगेज के साथ गार्ड कोच (22 कोच)।

2) लोकमान्य तिलक टर्मिनस - मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (8 ट्रिप)

01123 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 07.03.2025, 09.03.2025, 14.03.2025 एवं 16.03.2025 (4 ट्रिप) को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे रवाना होगी और दुसरे दिन 20.20 बजे मऊ पहुंचेगी।

01124 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 09.03.2025, 11.03.2025, 16.03.2025 एवं 18.03.2025 (4 ट्रिप) को मऊ से 05.50 बजे रवाना होगी और दुसरे दिन 16.45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

ठहरावः ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जंक्शन, जौनपुर जंक्शन और औड़िहार।

संरचनाः एक एसी-2 टियर, एक एसी-2 टियर सह एसी-ककक टियर, 9 एसी-ककक टियर, 06 स्लीपर क्लास, 3 सामान्य द्वितीय श्रेणी जिसमें 1 जेनरेटर कार और 2 द्वितीय श्रेणी-सह-लगेज के साथ गार्ड कोच (22 कोच)।

3) लोकमान्य तिलक टर्मिनस - बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक विशेष (4 ट्रिप)

01053 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 12.03.2025 एवं 13.03.2025 को 12.15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होगी (2 ट्रिप) और अगले दिन 16.05 बजे बनारस पहुंचेगी।

01054 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 13.03.2025 और 14.03.2025 को 20.30 बजे बनारस से रवाना होगी (2 ट्रिप) और तीसरे दिन 04.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

ठहरावः ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी एवं वाराणसी जंक्शन।

संरचनाः एक एसी-2 टियर, एक एसी-2 टियर सह एसी-ककक टियर, 9 एसी-ककक टियर, 06 स्लीपर क्लास, 3 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 द्वितीय श्रेणी-सह-लगेज के साथ गार्ड कोच (22 कोच)।

4) पुणे दानापुर- पुणे द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (6 ट्रिप)

01481 पुणे दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 10.03.2025, 14.03.2025 और 17.03.2025 को 19:55 बजे पुणे से रवाना होगी और तीसरे दिन 05:00 बजे दानापुर पहुंचेगी (3 ट्रिप)।

01482 दानापुर पुणे द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 12.03.2025, 16.03.2025 और 19.03.2025 को 06:45 बजे दानापुर से रवाना होगी और दुसरे दिन 17:35 बजे पुणे पहुंचेगी। (3 ट्रिप)।

ठहराव : दौंड कॉर्ड केबिन, अहमदनगर, कोपरगाव, मनमाड, जलगांव, भुसावल, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा।

संरचनाः 01 एसी 2-टियर, 07 एसी 3-टियर, 08 स्लीपर क्लास, 04 जनरल सेकेंड क्लास, 02 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन (22 कोच)

5) पुणे गाजीपुर सिटी पुणे द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (8 ट्रिप) 01431 पुणे गाजीपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 07.03.2025, 11.03.2025, 14.03.2025 और 18.03.2025 को पुणे से 06:40 बजे रवाना होगी और दुसरे दिन 19:05 बजे गाजीपुर सिटी पहुंचेगी (4 ट्रिप)।01432 गाजीपुर सिटी पुणे द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 09.03.2025, 13.03.2025, 16.03.2025 एवं 20.03.2025 को गाजीपुर सिटी से 04:20 बजे रवाना होगी और दुसरे दिन 16:20 बजे पुणे पहुंचेगी (4 ट्रिप)।

ठहराव : दौंड कॉर्ड केबिन, अहमदनगर, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर और औंड़िहार जंक्शन। संरचनाः 1 एसी 2-टियर, 7 एसी 3-टियर, 8 स्लीपर क्लास, 4 जनरल सेकेंड क्लास, 2 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन (22 कोच)

6) लोकमान्य तिलक टर्मिनस -समस्तीपुर -लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल (4 ट्रिप)

01043 साप्ताहिक स्पेशल मंगलवार 11.03.2025 और 18.03.2025 (2 ट्रिप) को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान करेगी और दुसरे दिन 21.15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। 01044 साप्ताहिक स्पेशल बुधवार 12.03.2025 और 19.03.2025 (2 ट्रिप) को 23.20 बजे समस्तीपुर से रवाना होगी और अगले दिन 11.00 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

ठहरावः ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जंक्शन, हाजीपुर एवं मुजफ्फरपुर।संरचनाः एक एसी फर्स्ट क्लास, तीन एसी-2 टियर, 15 एसी-3 टियर, 1 पेंट्री कार, 2 लगेज कम ब्रेक वैन। (22 कोच)।

7) पुणे हजरत निजामुद्दीन पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल (4 ट्रिप) 01491 साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल शुक्रवार 07.03.2025 और 14.03.2025 को पुणे से 17.30 बजे रवाना होगी और दुसरे दिन 18.10 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुँचेगी। (2 ट्रिप) 01492 साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल शनिवार 08.03.2025 और 15.03.2025 को हजरत निजामुद्दीन से 22.10 बजे रवाना होगी और दुसरे दिन 23.55 बजे पुणे पहुँचेगी। (2 ट्रिप)

ठहरावः लोनावला, कल्याण, भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, उधना जंक्शन, वडोदरा, रतलाम, भवानी मंडी, सवाई माधोपुर और मथुरा जंक्शन।

संरचनाः एक एसी 2-टियर, 4 एसी 3-टियर, 11 स्लीपर क्लास, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 2 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन (22 कोच)।

8) छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस कन्याकुमारी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल (4 ट्रिप)

01005 द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल सोमवार 10.03.2025 और 17.03.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 00.20 बजे रवाना होगी और अगले दिन 12.15 बजे कन्याकुमारी पहुंचेगी। (2 ट्रिप) 01006 द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल मंगलवार 11.03.2025 और 18.03.2025 को कन्याकुमारी से 14.15 बजे रवाना होगी और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस तीसरे दिन 04.15 बजे पहुंचेगी। (2 ट्रिप) ठहरावः दादर, ठाणे, कल्याण, लोनावाला, पुणे, दौंड, सोलापुर, कलबुरगि, वाडी, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम रोड, अदोनि, गुंटकल, गूत्ती, ताड़ीपत्री, यर्रगुंटला, कडप्पा, रजामपेट, रेणिगुंटा, तिरुत्तणी, काटपाडी, वेलूर छावनी, तिरुवण्णामलै, थिरुक्कोविलुर, विल्लुपुरन, वृद्धाचलम जंक्शन, अरियालुर, तिरुचिरापल्ली जंक्शन, डिंडीगुल जंक्शन, कुदाल नगर, मदुरै जंक्शन, विरुधुनगर जंक्शन, सतुर, कोविलपट्टी, तिरुनेलवेली जंक्शन, वल्लियूर और नागरकोइल जंक्शन। संरचनाः दो एसी-2 टियर, 09 एसी-3 टियर, 05 स्लीपर क्लास, 02 जनरल सेकेंड क्लास, 2 लगेज कम ब्रेक वैन। (20 कोच)

9) लोकमान्य तिलक टर्मिनस-तिरुवनंतपुरम उत्तर- लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल - 4 ट्रिप

01063 स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक गुरुवार को 06.03.2025 और 13.03.2025 को 16.00 बजे रवाना होगी और दुसरे दिन 22.45 बजे तिरुवनंतपुरम उत्तर पहुंचेगी। (2 ट्रिप) 01064 स्पेशल ट्रेन से प्रत्येक शनिवार को 08.03.2025 और 15.03.2025 को तिरुवनंतपुरम उत्तर से 16.20 बजे रवाना होगी और लोकमान्य तिलक टर्मिनस तीसरे दिन 00.45 बजे पहुंचेगी। (2 यात्राएँ) ठहराव : ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, खेड़, चिपलुन, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, कनकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड, थिवि, करमली, मडगांव जंक्शन, कारवार, गोकर्ण रोड, कुमटा, मुर्देश्वर, भटकल, मूकनबिका रोड बिंदूर, कुंडापुरा, उडुपी, सूरतकल, थोकुर, मंगलुरु जंक्शन, कासरगोड, कन्नूर, कालीकत, तिरुर, शोरनूर, त्रिशूर, एनार्कुलम टाउन, कोट्टायम, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मावेलिकारा, कायनकुलम और कोल्लम।

संरचनाः एक एसी-2 टियर, 6 एसी-3 टियर, 9 स्लीपर क्लास, 4 जनरल सेकेंड क्लास, 1 लगेज कम ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार। (22 कोच)

आरक्षणः विशेष ट्रेनें 01009/01010, 01123/01124, 01053/01054, 01481/ 01482, 01431/01432, 01043/01044, 01491/01492, 01005 / 01006, 01063/01064 के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग 01.03.2025 को सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर खुलेगी। इन विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# कोपरखैराने में कलश यात्रा निकाली गई



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

नवी मुंबई. कोपरखैरने में जिम्मी टावर के सामने संतोषी माता ग्राउंड में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है. 27 फरवरी से शुरू कथा 5 मार्च तक चलेगी। इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रवचनकार श्री श्री कुणाल महाराज श्रीमद् भागवत का रसपान कराएंगे. इस उपलक्ष्य में गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

**मध्य रेल**

**डेसर्ट कूलर भाडे से लेने हेतु**

**कार्य का विवरणः** डेसर्ट कूलर भाडे से लेने हेतु वैगन मरम्मत कारखाना, बडनेरा, अमरावती (महाराष्ट्र) के लिए **अनुमानित लागत (Rs.):** ₹ 5,56,625/- **निविदा प्रपत्रका शुल्क (Rs.):** कुछ नहीं **ईएमडी (Rs.):** ₹ 11132/- **समापन अवधिः** 05 महीने निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं अवधि **दि. 10.03.2025 को 12.00 बजे है।** ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की आधिकारिक वैबसाइटः **http://www.gem.gov.in** पर उपलब्ध है। **खुली निविदा संख्याः BD.WRW.41.Air_Cooler बोली संख्याः GEM/2025/B/5962434 तिथिः24.02.2025** 806

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**सोलापुर मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.:- सोला/क.वि./नि/2025/02R कार्य का नामः** निम्नलिखित के संबंध मे विद्युत टीआरडी का कार्य **1)** सोलापुर – वाडी-सीटीआर (पी)-14.279 टीकेएम, टीआरआर(पी) – 7.305 टीकेएम और टीएसआर(पी) - 39.250 टीकेएम **2)** दौंड - वाडी-सीटीआर (एस/पी) – 0.999 टीकेएम और टीआरआर (एस) – 18.165 टीकेएम। (पुनर्निविदा) **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 67,01,197.76/- **बयाना राशिः** रु. 1,34,000/- **कार्य पुरा करने की अवधिः** 12 माह **निविदा प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समयः** दि. 26/03/2025 को 15.00 बजे। ANJ-39

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मण्डल**

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. 33 वर्ष 2024-2025 दिनांकः 27/02/2025**

| क्र. सं. | ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित एनआईटी लागत (₹) | EMD राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | DRM-ADI-222-2024-25 | हलवद यार्ड - वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों पर आरसीसी सीमा दीवार का निर्माण। | 2,34,52,743.46 | 2,67,300/- |
| 02 | DRM-ADI-223-2024-25 | विरमगाम - सामखियाली और मालिया मियाना - दहिंसरा खंड - वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में अतिरिक्त जलमार्ग पुलों का निर्माण। | 34,87,96,090.98 | 18,94,000.00 |
| 03 | DRM-ADI-224-2024-25 | वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में प्रमुख और महत्वपूर्ण पुलों की पानी के नीचे पुल संरचनाओं की मरम्मत। | 97,37,053.58 | 1,94,800.00 |
| 04 | DRM-ADI-225-2024-25 | सहायता मंडल अभियंता - वीरमगाम के अधिकार क्षेत्र में एफआरएम द्वारा उथली स्क्रीनिंग और ट्रैक के अन्य सहायक कार्य। | 1,85,07,625.72 | 2,42,500.00 |
| 05 | DRM-ADI-226-2024-25 | एफआरएम द्वारा उथली स्क्रीनिंग और ट्रैक के अन्य सहायक कार्य सहायक मंडल अभियंता - धांगधा के अधिकार क्षेत्र में हैं। | 1,83,94,786.21 | 2,42,000.00 |
| 06 | DRM-ADI-227-2024-25 | सहायक मंडल अभियंता - महेसाणा के अधिकार क्षेत्र के तहत एलएचएस की सड़क की सतह में सुधार और नाबदान और नाली उपलब्ध कराकर जल निकासी व्यवस्था में सुधार। | 2,33,44,429.14 | 2,66,700.00 |
| 07 | DRM-ADI-228-2024-25 | सहायक मंडल अभियंता - पालनपुर के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस की सड़क की सतह में सुधार और नाबदान और नाली उपलब्ध कराकर जल निकासी व्यवस्था में सुधार। | 2,33,14,981.37 | 2,66,600.00 |

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिएः ई-निविदा बंद होने की तिथि और समयः दिनांक 01/04/2025 को 15:00 बजे। कार्यालय का पताः** वरि. मण्डल इंजीनियर (समन्वय.), अहमदाबाद, डी.आर.एम. ऑफिस, चामुंडा ब्रिज के पास, नई स्वदेशी मिल के सामने, नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद-382345. **ई-निविदा में भाग लेने हेतू वेबसाइटः www.ireps.gov.in** 336

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें : x.com/WesternRly

# मीरा-भाईंदर में सिविल कोर्ट का उद्घाटन 8 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के हाथो - प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , मीरा-भाईंदर में नवनिर्मित सिविल कोर्ट भवन का उद्घाटन 8 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अभय ओक के हाथो किया जाने वाला है। इस कार्यक्रम में जिले के संरक्षक मंत्री और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे , वकील संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक यह जानकारी दी है। मीरा-भायंदर शहर की आबादी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।इसलिए वहां के लोगों को प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के लिए ठाणे शहर जाना पड़ता है।शहरवासियों को चार घंटे का सफर करना पड़े और अनावश्यक आर्थिक मार भी न झेलनी पड़े।यह सोच कर इस क्षेत्र के विधायक व राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने 2009 से विभिन्न प्रशासनिक और न्यायिक कार्यालयों को मीरा-भायंदर शहरों में स्थानांतरित करने के प्रयास शुरू किए थे। इसके तहत वह लगातार प्रयास कर रहे थे कि मीरा-भायंदर शहर में भी सिविल कोर्ट होना चाहिए। उनका प्रयास सफल रहा और पिछले कई वर्षों से मंत्री सरनाईक के प्रयासों के कारण, मीरा-भायंदर शहर में सिविल कोर्ट भवन का निर्माण किया गया है।इस नए भवन का उद्घाटन 8 मार्च को सुबह 11 बजे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभय ओक द्वारा किया जाने वाला है। इस कार्यक्रम में राज्य के उप मुख्यमंत्री और जिले के संरक्षक मंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहेंगे।इस कोर्ट के बनने से मीरा-भायंदर शहर के लाखों नागरिकों को कोर्ट के काम के लिए ठाणे शहर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान मंत्री प्रताप सरनाईक ने नये सिविल कोर्ट भवन का निरीक्षण किया।लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारियों को आंतरिक साज-सज्जा एवं अन्य कार्य 2 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं।

# सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक बस स्टैण्ड एवं डिपो की तत्काल जाँच ,महिला सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाने के निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई ,प्रदेश के सभी बस अड्डों एवं डिपो का तत्काल सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। इसके साथ ही परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बस स्टेशनों और डिपो से संचालन में जब्त अपंजीकृत बसों और वाहनों का 15 अप्रैल तक निस्तारण करने का निर्देश दिया है। महिला यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए परिवहन मंत्री सरनाईक ने बस स्टेशनों पर महिला सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव (परिवहन) के कक्ष में बस स्टेशनों पर महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और एसटी निगम के अध्यक्ष संजय सेठी, परिवहन आयुक्त और एसटी निगम के उपाध्यक्ष और प्रबंध (प्रभारी) विवेक भीमनवार, संयुक्त सचिव राजेंद्र होलकर, एसटी निगम के अधिकारी उपस्थित थे। अपंजीकृत बसों को बस स्टैंड क्षेत्र से हटाने के लिए निर्धारित अवधि निर्धारित कर 15 अप्रैल तक प्रक्रिया पूरी की जाए। राज्य परिवहन निगम में मुख्य सुरक्षा एवं सतर्कता अधिकारी का पद है और इस रिक्त पद पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने अविलंब प्रस्ताव गृह विभाग को सौंपने का निर्देश दिया है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा, राज्य भर के सभी एसटी बस स्टैंडों और डिपो में 'एआई' तकनीक पर आधारित सीसीटीवी की अद्यतन प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। नई बसों में सीसीटीवी लगाए जाएं। बसों में जीपीएस सिस्टम लगाने का कार्य तेजी से पूरा किया जाए। पुलिस की मदद से बस स्टेशन पर गश्त बढ़ाई जाए।चूंकि आगार प्रबंधक आगार का संरक्षक होता है, इसलिए उसे वहीं आवास में रहना चाहिए, जिससे प्रबंधन 24 घंटे उनकी निगरानी में हो सके। इसके साथ ही बस स्टैंड पर काम करने वाले प्रत्येक एसटी कर्मचारी को एक पहचान पत्र दिया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति खुद को कर्मचारी बताकर यात्रियों से ठगी न कर सके। बस स्टेशन या डिपो पर आने वाली प्रत्येक बस का सुरक्षा गार्ड के पास पंजीकरण कराना बहुत जरूरी है। साथ ही चालक-परिचालक को यह सुनिश्चित करना होगा कि डिपो में लाई गई बस निकलते समय बंद हो। बस के दरवाजे बंद करने में सावधानी बरतें और सुनिश्चित करें कि साधारण बसों में दरवाजे और खिड़कियां बंद हों। परिवहन मंत्री सरनाईक ने यह भी निर्देश दिया कि बस स्टेशनों पर सुरक्षा गार्ड क्षेत्र में घूमने वाले अजनबियों पर नजर रखें और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करें।बस स्टेशनों पर साफ-सफाई को लेकर कोई समझौता न किया जाए। यात्रियों को गुणवत्तापरक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। प्रत्येक बस स्टेशन पर महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था की जाए। परिवहन मंत्री सरनाईक ने निर्देश दिया कि ये शौचालय विशाल होने चाहिए, 'एसटी' के वरिष्ठ अधिकारी समय-समय पर सफाई के संबंध में समीक्षा करते रहें।

फास्ट ट्रैक

# ठेकेदार पर मजदूर की पत्नी से रेप का आरोप

## शाहजहांपुर में पति पर चोरी का आरोप लगाया, ब्लैकमेल कर एक साल से कर रहा रेप

शाहजहांपुर, एक ठेकेदार पर मजदूर की पत्नी से दुष्कर्म करने और ब्लैकमेल करने का गंभीर मामला सामने आया है।पीड़िता ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। जलालाबाद क्षेत्र की महिला के पति एक ठेकेदार के यहां काम करते थे। ठेकेदार ने एक साल पहले पति पर चोरी का आरोप लगाकर पुलिस में शिकायत की थी। इसके बाद आरोपी ने महिला को बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि 35 वर्षीय महिला का पति ठेकेदार विक्रांत के साथ कटरा जलालाबाद मार्ग पर काम करता है। अवस्थी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि यह घटना एक साल पहले की है, जब ठेकेदार ने महिला के पति पर चोरी का झूठा आरोप लगाया और उसे मिलने के लिए बुलाया। उन्होंने दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि महिला जब ठेकेदार के पास गई तो आरोपी ने उसे सुनसान स्थान पर ले जाकर उससे बलात्कार किया और उसकी वीडियो बना ली। उसके बाद आरोपी वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देकर लगातार उसका शोषण कर रहा था। पति व बच्चों को छोड़कर उसके साथ रहने के लिए दबाव बना रहा था। अवस्थी ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर महिला को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया। वहीं आरोपी घटना के बाद से फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।




# महिला से जेवरात छीनने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

## तमंचा, कारतूस, 15 हजार रुपए और स्प्लेंडर बाइक बरामद; तीनों को जेल भेजा

पुवायाँ, बंडा पुलिस ने लूट की एक घटना का खुलासा करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक तमंचा, कारतूस, 15 हजार रुपए नकद और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है।एक महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि तीन अज्ञात बाइक सवारों ने उसके गले की चेन और कानों के कुंडल छीन लिए थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की।नवीन नगर थाना बंडा के तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया।इनमें सुखपाल (रतन पाल का बेटा), सुनील (माखनलाल का बेटा) और छोटेलाल (पुत्तन का बेटा) शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने महिला से जेवरात छीनने की बात कबूल की। पुलिस ने गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे तीनों का मेडिकल परीक्षण कराया।




# अंबरनाथ नगरपालिका द्वारा निर्मित नाट्यगृह का नामकरण साहित्य सम्राट डॉ.अन्नाभाऊ साठे के नाम पर किए जाने की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. अंबरनाथ नगरपालिका द्वारा सर्कस मैदान पर नवनिर्मित नाट्यगृह का नामकरण डॉ.अन्नाभाऊ साठे के नाम पर किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। अंबरनाथ और आसपास के अन्य अनेक प्रगतिशील संगठनों ने इस मांग को लेकर एक मंच पर आकर नवनिर्मित नाट्यगृह का नाम डॉ.अन्नाभाऊ साठे के नाम पर रखने के लिए नगरपालिका के मुख्याधिकारी अभिषेक पराड़कर से मिलकर उन्हें लिखित प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर जोरदार मांग की है।

गुरुवार 27 फरवरी को इस मांग को लेकर साहित्य रत्न लोकतांत्रिक डॉ.अन्नाभाऊ साठे नाट्यगृह नामकरण संघर्ष समिति के नेतृत्व में 50 से अधिक सामाजिक, धार्मिक और कला संगठनों ने अंबरनाथ नगर परिषद के मुख्य अधिकारी अभिजीत पराडकर से मुलाकात कर अपना लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। अभिषेक पराड़कर ने आए हुए सभी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से प्राप्त प्रत्यावेदन का सम्मान करते हुए सभी को आश्वासन दिया कि शिष्टमंडल की मांग को वो निश्चित रूप से शासन स्तर पर रखेंगे और इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।

साहित्य रत्न लोकतांत्रिक डॉ.अन्नाभाऊ साठे नाट्यगृह नामकरण संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार और भावना व्यक्त करते हुए कहा कि जब तक अंबरनाथ के इस नवनिर्मित नाट्यगृह का नाम डॉ.अन्नाभाऊ साठे के नाम पर नहीं किया जाता तब तक वे शासन और प्रशासन स्तर पर अपनी मांग और आंदोलन करते रहेंगे। इस अवसर पर संभाजी ब्रिगेड अंबरनाथ के शहर अध्यक्ष सुनील अहीरे,ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन के महाराष्ट्र प्रभारी अजयराव चिरिवेला, प्रकाश जाधव,दलित महासंघ के अंबरनाथ शहर अध्यक्ष शत्रुघ्न उमाप,प्रहलाद कस्बेकर,विजय हनवते, उस्मान शाह,अजय खाड़े, संजय केंगार,प्रफुल्ल केदार, सुंदर डांगे,वामन उगले आदि उपस्थित थे।

# अवैध बालू उत्खनन की 2 नावों को नष्ट करने से रेत माफियाओं को झटका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , राजस्व विभाग के अधिकारीयों ने मुब्रा खाड़ी क्षेत्र में रेत निकाल रहे रेत माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अवैध रेत निकालने वाली दो नावों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और 15 लाख का सामान नष्ट कर दिया गया है। नायब तहसीलदार दिनेश पैठणकर ने बताया कि राजस्व के माध्यम से कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व टीम को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिसका मुख्य कारण यह है कि ये नावें रेलवे पुल के पास पाई जा रही हैं और इन रेत निकालने वाली नावों से रेलवे पुल को खतरा पैदा होने की आशंका है। प्रशासन की ओर से रेत माफियाओं को बार-बार कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। इसलिए राजस्व प्रशासन द्वारा बार-बार ऐसी कार्रवाई की जा रही है। न केवल राजस्व प्रशासन को कार्रवाई करने की जरूरत है, बल्कि अन्य विभागों को भी ऐसी ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है। जब तक अन्य विभाग भी समान कार्रवाई नहीं करेंगे, तब तक रेत माफियाओं पर कोई दबाव नहीं बनेगा। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए रेलवे प्रशासन क्या कदम उठाता है।

# अंबरनाथ के पटेल आर.मार्ट के कर्मचारियों ने शिवमन्दिर परिसर और शिवमन्दिर रोड पर सफाई अभियान चलाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ.अंबरनाथ के प्राचीन शिवमन्दिर में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित होने वाली विशाल यात्रा में लाखों श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से सहभाग किया।इस यात्रा के समाप्त होने के पश्चात मंदिर परिसर और सड़कों की सफाई के लिए गुरुवार सुबह साढ़े छह बजे से अंबरनाथ के प्रतिष्ठित पटेल आर.मार्ट के 250 से अधिक कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाकर एक उल्लेखनीय कार्य किया।



पटेल आर.मार्ट के कर्मचारियों ने अंबरनाथ पूर्व के शिवाजी चौक परिसर से लेकर संपूर्ण शिवमन्दिर रोड और शिवमन्दिर परिसर की झाडू लगाकर साफ सफाई अभियान को अंजाम दिया।इस अभियान में पटेल आर.मार्ट के प्रमुख भरत पटेल,संचालक महेश पटेल, जनरल मैनेजर महेश सावरे,पूर्व नगरसेवक और युवा शिवसैनिक एडवोकेट निखिल वालेकर, समाजसेवक अजय सेठ मोरीकर, अन्य सामाजिक कार्यकताओं आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।इस अवसर पर पटेल आर.मार्ट के प्रमुख भरत पटेल ने कहा कि इस अभियान के पीछे हमारा मुख्य उद्देश्य अपने शहर अंबरनाथ को स्वच्छ और साफ रखना है। हमने अपने कर्मचारियों और सहयोगियों का साथ लेकर मंदिर परिसर और शिवमन्दिर रोड पर सफाई करके नगरपालिका के कर्मचारियों का सहयोग किया।

# बेलवारियां झारखण्डे महादेव धाम पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क / कृष्णा सिंह



खानपुर, गाजीपुर।स्थानीय क्षेत्र के सेमरा डिहवा गांव में स्थित प्राचीन झारखण्डे महादेव धाम पर महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं ने बाबा झारखण्डे महादेव का हजारों श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारों के साथ जलाभिषेक किया। 4 बजे भोर से श्रद्धालु लाइन में खड़े होकर अपने-अपने बारी का इंतजार करते रहे।सुबह से ही महिलाओं और माली द्वारा गेंदा के फूलों से और रंग-बिरंगी झालरों से धाम सजाया गया।धाम परिसर में बनाई गई रंगोली आकर्षण का केन्द्र बनी रही।गौरतलब हो कि बाबा और माता पार्वती का रंग-बिरंगे फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया था, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महाशिवरात्रि पर कई शिवालयों में रुद्राभिषेक भी किया गया।शिवालयों में हर-हर महादेव का जयकारा गूंजता रहा।घंटे और घड़ियाल से माहौल धार्मिक होता रहा।महाशिवरात्रि भगवान शिव की अराधना का सबसे बड़ा पर्व है।श्रद्धालुओं ने बाबा और माता पार्वती का दूध और जल से जलाभिषेक किया।इसके बाद अक्षत, पान, सुपारी, रोली, मौली, चंदन, लौंग, इलायची, दूध, दही, शहद, घी, धतूरा, बेलपत्र, कमलगट्टा और फल चढ़ाया।अंत में भगवान शिव और माता पार्वती की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। बताते चलें कि क्षेत्र के सिंगारपुर, जबरनपुर, मठसरैया, चाँदपुर, नेवादा, बेलहरी, लौलहा में भी स्थित सभी शिवालयों में भोर से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शिवालयों में जलाभिषेक को लम्बी कतारे लगी रही। महिलाएं, पुरूष, बच्चे अपने बारी का इंतजार करते रहे। महाशिवरात्रि के अवसर पर ओम प्रकाश सिंह, कालिका राजभर, पंकज चौबे, अभिनव सिंह, शिव राजभर सहित श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

# मौसी की बेटी पर हमले के आरोपी गिरफ्तार

## कर्ज-चुकाने के लिए मांगे थे रुपए, मना करने पर सर्जिकल ब्लेड से किया हमला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, दो दिन पहले घर के अन्दर घुसकर मौसी की बेटी पर सर्जिकल ब्लेड से हमला करने वाले आरोपी और उसके दो नाबालिग साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पर सात लाख रुपये कर्ज था। कर्ज चुकाने के लिए आरोपी ने मौसी की बेटी से तीन लाख रुपये कर्ज मांगा था।पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि रुपए लेने गए तो उसने देने से मना कर दिया था।गुस्साए आरोपी ने महिला को पकड़ा और फिर दोस्तों से सर्जिकल ब्लेड से गले पर हमला करा दिया। इतना ही नही आरोपियों ने माफी मांगते हुए घायल महिला को अस्पताल में भी भर्ती कराया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।पूरा मामला रोजा थाना क्षेत्र के लोक बिहार कालोनी स्थित मायके में आई चैतन्यता पर मोहल्ला सरायकाईयां के रहने वाले उसके रिश्तेदार प्रथम श्रीवास्तव ने दो नाबालिग साथियों के साथ मारकर सर्जिकल ब्लेड से हमला किया था। घायल महिला को अस्पताल लाया गया था। हालत गंभीर होने पर महिला को बरेली रेफर किया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।पुलिस ने भाई शोभित की तहरीर पर आरोपी प्रथम श्रीवास्तव और तीन अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जमुका दोराहा के पास से आरोपी प्रथम श्रीवास्तव और उसके दो नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है।उसके पास से मोबाइल और बाइक बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि हमने चार लाख लोन और चार प्रतिशत ब्याज पर तीन लाख रुपए लिए थे। सात लाख रुपए का कर्ज चुकाना था। कई महीने से ब्याज के रुपये नही दे पाए थे।इसलिए ब्याज पर देने वाला व्यक्ति रुपये मांग रहा था। आरोपी के मुताबिक उसने मौसी की बेटी चैतन्या से तीन लाख रुपये उधार मांगे थे। वो रुपये देने को राजी हो गई लेकिन बाद में वो मना करने लगी। आरोपी के मुताबिक उसने अगले हफ्ते रुपए देने के लिए बुलाया था।आरोपी अपने दोस्तों के साथ रुपये लेने के लिए चैतन्या के घर गया था। वहां जाकर चाय भी पी थी।उसके बाद जब पैसे मांगे तो उसने मना कर दिया था।उसको रुपए वापस करने का बहुत भरोसा दिलाया लेकिन वो नहीं मानी। तब आरोपी ने चैतन्या को धमकी दी कि वादा करके क्यों मना कर रही है। उसने ब्याज वाले से रुपए देने का वादा कर लिया है।

# अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) की गश्त और कोतवाली मान्धाता थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव ने पीस कमेटी की बैठक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ ( उप्र ) मान्धाता में होली और रमजान से पूर्व सुरक्षा व्यवस्था और शांतीपूर्ण माहौल के साथ साथ पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को मजबूत बनाने जैसे उद्देश्य को लेकर अरढ (ए) श्री दुर्गेश कुमार सिंह द्वारा थाना मांधाता क्षेत्रान्तर्गत संवेदनशील स्थानों और मिश्रित आबादी क्षेत्रों में पैदल गस्त किया गया। पैदल गश्त के दौरान अवांछनीय तत्वों पर सतर्क नजर रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की कराई गई चेकिंग,पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह द्वारा कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत थाना मांधाता क्षेत्रान्तर्गत, संवेदनशील स्थानों और मिश्रित आबादी क्षेत्रों में पैदल गश्त कर अवांछनीय तत्वों पर सतर्क नजर रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग कराई गई एवं अतिक्रमण हटवाया गया तथा शराब की दुकानों के सामने सार्वजनिक रूप से शराब पीने वालों की चेकिंग की गई। साथ ही स्थानीय लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया गया । कोतवाली मान्धाता थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव होली और रमजान से पूर्व क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर पीस कमेटी की बैठक बुलाकर क्षेत्र में शांतीपूर्ण माहौल के साथ त्यौहार मनाने जैसे विषयों पर चर्चा कर रहे हैं कोतवाली मान्धाता में थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव द्वारा बुलाई गई बैठक सभी समाज और वर्ग के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस आप सभी की सुरक्षा व्यवस्था के लिए हमेशा आपके साथ है आप सभी पुलिस का सहयोग कीजिए, होली के दिन में परिजन बच्चों को न दें बाईक की चाभी, प्रतापगढ़ जनपद की कोतवाली मांधाता परिसर में पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्र के प्रधान के अलावा संभ्रांत जन की उपस्थिति में चल रही है त्योहार को सकुशल संपन्न कराना ही जिला प्रशासन की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर सुधीर पांडे, हेमंत बर्मा अनूप यादव, सभासद राजू दूबे, दीपू तिवारी, अतुल सिंह , अतीक शब्बीर अहमद, समसुल, हरी मोदनवाल ,शोभा नाथ शर्मा, प्रधान भागीरथी सिंह, शिव कुमार तिवारी, खलील प्रधान, कमलेश यादव ,फारूक अंसार सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सड़क किनारे खून से लथपथ मिला युवक का शव

## पिता ने मालिक पर लगाया हत्या करने का आरोप, जबरदस्ती कार में ले गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, निगोही थाना क्षेत्र में एक युवक का शव उसके मकान के बाहर सड़क पर खून से लथपथ मिला।मृतक की पहचान लालाराम के बेटे रामजीत के रूप में हुई है। पिता लालाराम के अनुसार, रामजीत गांव के एक परिवार के यहां काम करता था।बुधवार की सुबह वह काम पर गया और कुछ देर बाद जब घर लौटा, तो उसका मालिक पीछे से आया। मालिक ने रामजीत को जबरदस्ती अपनी कार में डाल लिया।शाम करीब 6 बजे मालिक और उसके साथी रामजीत का शव मकान के बाहर सड़क किनारे फेंककर चले गए। ग्रामीणों ने शव को फेंकते हुए देखा और परिवार को सूचित किया। रामजीत के शरीर पर चोट के निशान थे और खून बह रहा था। पिता का कहना है कि जब मालिक उनके घर आया था।तब रामजीत रोटी खाने जा रहा था। मालिक ने उसे खाना भी नहीं खाने दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# पत्नी को विदा कराने गए पति का मिला शव

## परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या करने का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। थाना बंडा क्षेत्र में ओमपाल का शव उनके मकान के पीछे मिला। मृतक के परिजनों ने पत्नी और उसके परिवार पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी के अनुसार, ओमपाल की शादी नवदिया गांव की रहने वाली रामगुनी से हुई थी। करीब ढाई साल पहले पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद रामगुनी अपने मायके चली गई थी।

ओमपाल लगातार उसे वापस लाने का प्रयास कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि पत्नी और उसके परिवार ने ओमपाल की पिटाई कर हत्या कर दी। उन्होंने शव को मकान के पीछे फेंक दिया।फरार हो गए।परिवार का कहना है कि पत्नी ओमपाल की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती थी। मौत की सूचना मिलने पर भी पत्नी और उसका परिवार मौके पर नहीं पहुंचा। ओमपाल की यह दूसरी शादी थी।पहली पत्नी की मौत इलाज के दौरान हो गई थी।पहली पत्नी से उनके तीन बच्चे हैं, जबकि दूसरी पत्नी से एक बच्चा है।परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# अमेरिका की प्राइवेट कंपनी का मून मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च

## स्पेसएक्स के रॉकेट का इस्तेमाल किया; मस्क की कंपनी का इस साल तीसरा मून मिशन

एजेंसी

वाशिंगटन, अमेरिका का प्राइवेट कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का दूसरा मून लैंडर बुधवार देर रात (भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह 5:45 बजे) इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च किया गया। 6 मार्च को ये चांद के साउथ पोलर रीजन में लैंड करेगा। रॉकेट को नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। मिशन में चांद की सतह पर उतरने वाले इस लैंडर का नाम एथेना है। इस लैंडर में एक ड्रोन भी मौजूद है। आईएम कंपनी दूसरी बार चांद पर सफलातपूर्वक उतरने की कोशिश कर रही है। इससे पहले पिछले साल भी कंपनी ने एक लैंडर चांद की सतह पर भेजा था। हालांकि तेजी से टकराने के बाद लैंडर का पैर टूट गया था, जिससे लैंडर पलट गया था। मस्क की स्पेसएक्स कंपनी का इस साल ये तीसरा मून मिशन है। इससे पहले 15 जनवरी, 2025 को, फाल्कन 9 रॉकेट से ही अमेरिका की प्राइवेट कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस के ब्लू घोस्ट



और जापान के आईस्पेस रेजिलिएंस के मून लैंडर्स को लॉन्च किया था। ब्लू घोस्ट 2 मार्च, 2025 को चंद्रमा पर लैंड करेगा। वहीं जापान का लैंडर अलग रास्ते से जा रहा है, इसलिए मई में चांद पर पहुंचेगा। यानी, अब कुल तीन लैंडर हो गए हैं जो चंद्रमा पर उतरने वाले हैं। इंट्यूएटिव मशीन्स के छह पैरों वाले लैंडर का नाम एथेना है और लगभग जिराफ जितना लंबा है। यह 6 मार्च को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से लगभग 100 मील (160 किमी) दूर एक सपाट चोटी वाले पहाड़ मॉन्स माउटन पर उतरने का प्रयास करेगा। आईएम-2 का एक मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह के एक मीटर नीचे तक जांच करने के लिए नासा के ट्राइडेंट ड्रिल और एमसोलो मास स्पेक्ट्रोमीटर की तैनाती है। इससे चंद्रमा पर पानी और सीओ2 जैसी चीजों को डिटेक्ट किया जा सकता है। एथेना की लैंडिंग के बाद रोवर्स और माइक्रो नोवा हॉपर (ग्रेस) को तैनात किया जाएगा। ग्रेस हॉपर को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह लैंडर से दो किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा उड़कर पूरी कर सकता है। इंट्यूएटिव मशीन्स का ये दूसरा मून मिशन है। पहला मिशन ओडीसियस 15 फरवरी 2024 को लॉन्च किया गया था। ये 22 फरवरी को लैंड हुआ था। साइडवेज पोजीशन में लैंडिंग के कारण ये ज्यादा दिन तक डेटा नहीं भेज पाया था। एथेना कट-2 क्यों नाम दिया गया? इसे इंट्यूशिव मशींस (आईएम) नाम की कंपनी ने बनाया है। मून लैंडर का नाम भी इसी पर रखा गया है। चांद के किस हिस्से पर लैंडिंग होगी? एथेना मून लैंडर चंद्रमा के साउथ पोल के नजदीक मोन्स माउंटेन पर लैंड करेगा। यह चंद्रमा पर स्थित सबसे बड़ा पर्वत है। यह 100 किमी तक फैला है और सतह से 20 हजार फीट ऊंचा है। कितने दिन का होगा मून मिशन? मून लैंडर चंद्रमा पर लैंडिंग के बाद करीब 10 दिन तक काम कर सकेगा। मून लैंडर में क्या-क्या है? लैंडर पर एक छोटा रोबोट माइक्रो नोवा हॉपर है, जिसे ग्रेस नाम दिया गया है। इसके अलावा चार पहियों वाला माइक्रोवेव आकार का एक रोवर भी है, जो चांद की सतह पर डेटा कलेक्ट करेगा। इस मिशन का मकसद चंद्रमा की सतह से जुड़ी नई जानकारी इकट्ठा करना है। लैंडर पर मौजूद रोवर में एक ड्रिल मशीन लगी है। यह करीब 10 ड्रिल करेगी। एक बार की ड्रिलिंग में करीब 10 सेंटीमीटर खुदाई होगी।

# श्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज का दौरा किया, महाकुम्भ के दौरान अद्भुत कार्य हेतु रेल परिवार को बधाई दी

## महाकुम्भ 2025 के दौरान रिकॉर्ड 17000 से अधिक ट्रेनें चलाई गईं





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर। माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुम्भ 2025 के लिए भारतीय रेल की व्यापक तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सुबह प्रयागराज का दौरा किया। इस दौरान, उन्होंने रेलवे कर्मियों के साथ बातचीत की। इस सम्पूर्ण आयोजन के दौरान रेल मंत्री ने माननीय प्रधानमंत्री को उनके निरंतर मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया और श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व संख्या को संभालने में सहयोग के लिए माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव और पड़ोसी राज्यों की सरकारों को भी उनके सतत सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। रेल मंत्री ने रेल कर्मयोगियों के उत्कृष्ट समर्पण की सराहना की अपनी यात्रा के दौरान, रेल मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और इस तरह के आयोजन के प्रबंधन में भूमिका निभाने वाले रेलवे कार्यबल के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति अपनी सराहना व्यक्त की। यात्रियों की सहायता करने वाले फ्रंटलाइन कर्मयोगियों से लेकर सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस कर्मियों तक, निर्बाध ट्रेन संचालन को बनाए रखने वाले इंजीनियरों से लेकर सफाई कर्मचारियों तक एवं चिकित्सा सहायता प्रदान करने वाले डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से लेकर यात्रा को सुविधाजनक बनाने वाले हेल्प डेस्क अधिकारियों तथा बुकिंग कर्मचारियों तक - सभी के योगदान को सराहा।

### रेल मंत्री द्वारा रेल कर्मयोगियों के समर्पण को सराहा गया

उन्होंने टीटीई, ड्राइवरों, सहायक ड्राइवरों, सिग्नल और दूरसंचार कर्मियों, टीआरडी और इलेक्ट्रिकल टीमों, एएसएम, नियंत्रण अधिकारियों, ट्रैकमैन और रेलवे प्रशासकों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिनके समन्वित प्रयासों से इस विशाल उपक्रम का सुचारू निष्पादन सुनिश्चित हुआ। उन्होंने पहली से आखिरी पंक्ति तक हर कर्मचारी को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने स्टेशनों पर जाकर पहली से आखिरी पंक्ति तक हर कर्मचारी से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया व उत्साहवर्धन किया और सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने लाखों तीर्थयात्रियों के लिए महाकुम्भ 2025 का निर्बाध अनुभव सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे अथक प्रयास किया।

### अभूतपूर्व रेल संचालन

महाकुम्भ 2025 के लिए कुल 17,152 ट्रेनों का संचालन किया गया, जो पिछले कुंभ की तुलना में चार गुना अधिक है। महाकुम्भ में कुल 66 करोड़ श्रद्धालु सम्मिलित हुए, जिनमें से केवल प्रयागराज के नौ प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 4.24 करोड़ यात्रियों के लिए प्रबंधन किया गया।

### प्रयागराज क्षेत्र में यात्री सुविधाओं में वृद्धि

बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों को समायोजित करने के लिए 48 प्लेटफॉर्म और 21 फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किए गए। अत्याधिक संख्या को नियंत्रित करने के लिए फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी और ड्रोन निगरानी सहित 1,186 सीसीटीवी कैमरों के साथ निगरानी को सुदृढ़ किया गया। अत्यधिक व्यस्ततम समय में भीड़भाड़ को प्रबंधित करने के लिए 23 स्थायी होल्डिंग एरिया स्थापित किए गए, जबकि मल्टीलैंग्वेज अनाउंसमेंट और 23 भाषाओं में बुकलेट द्वारा यात्री सुविधाओं को बेहतर किया गया। 151 मोबाइल यूटीएस काउंटर और एक क्यूआर-आधारित प्रणाली सहित 554 काउंटरों के साथ टिकट सुविधाओं की जानकारी दी गई।

### सुदृढ़ चिकित्सा और आपातकालीन तैयारियां

भारतीय रेल ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी चिकित्सा और आपातकालीन सहायता प्रणाली लागू की। जिला अधिकारियों के समन्वय में केंद्रीकृत सहायता डेस्क, चिकित्सा सुविधाएं, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं मोबाइल टॉयलेट तैनात किए गए।

### इसके आलावा निम्न विशेष व्यवस्था की गई

महत्वपूर्ण स्टेशनों पर यात्रियों के लिए 20 एकड़ क्षेत्र में पर्याप्त होल्डिंग एरिया बनाए गए।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्काउट/गाइड की मदद।

मुख्य सचिव, डीजीपी, जिला कलेक्टरों और एसपी, मजिस्ट्रेट और थानों के साथ समन्वय

पीए सिस्टम और मेगाफोन द्वारा स्टेशन क्षेत्र और प्लेटफार्मों पर नियमित मैनुअल घोषणाएं।

बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं।

सकुर्लेटिंग एरिया/स्टेशनों में खान-पान की सुविधा बढ़ाई गई।

# फिलीपीन में आग लगने से तीन मंजिला इमारत खाक

एजेंसी

फिलीपीन के राजधानी क्षेत्र में बृहस्पतिवार तड़के आग लगने से तीन मंजिला एक आवासीय इमारत एक घंटे के अंदर जलकर खाक हो गई और इसमें आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आग के कारण कम से कम एक व्यक्ति घायल हो गया। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लकड़ी से बनी इमारत में आग आधी रात के बाद तब लगी जब लोग सो रहे थे।


## पश्चिम रेल्वे

**वरिष्ठ विभागीय वाणिज्य- प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे**
**मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008**

**कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन**

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM24-33 | 11.03.2025 को 14.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **MSS-BCT-VAPI-PrKiosk-51-25-1** (Misc-Static-Services-Promotional Kiosk) | 3 वर्षों की अवधि हेतु वापी स्टेशन में प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 11-03-25 14:30:00 |
| 2 | **MSS-BCT-BL-PrKiosk-49-25-1** (Misc-Static-Services - Promotional Kiosk) | 3 वर्ष की अवधि हेतु वलसाड (बीएल) स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 11-03-25 14:40:00 |
| 3 | **MSS-BCT-DDR-BCA-52-25-1** (Misc-Static-Services-Battery Operated Carts with Advertisement) | दादर (डीडीआर) स्टेशन पर बीओसी की बॉडी पर विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु अनुमति तथा संचालकों के साथ 3 (तीन) बैटरी संचालित कार्ट्स (बीओसी) की आपूर्ति, संचालन और अनुरक्षण के कार्य हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 11-03-25 14:50:00 |
| 4 | **MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1** (Misc-Static-Services Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 11-03-25 15:00:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-80 | 11.03.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **ADVT-BCT-CCG-OH-394-25-1** (Advertising - Out of Home) | सड़क की तरफ उन्मुख प्लेटफॉर्म नं. 1 पिलर वॉल्स के पश्चिमी तरफ, चर्चगेट स्टेशन पर वॉल पेंटिंग के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 730 | 11-03-25 15:30:00 |
| 2 | **ADVT-BCT-MEL-OSD-355-24-1** (Advertising - On Station Premise (Digital)) | 5 वर्षों की अवधि हेतु स्टेशन भवन पर मरीन लाइंस (एमईएल) पर एलईडी स्क्रीन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 1826 | 11-03-25 15:40:00 |
| 3 | **ADVT-BCT-MMCT-OSD-395- 25-1** (Advertising On Station Premise (Digital)) | 5 वर्षों की अवधि हेतु मुंबई सेंट्रल (मेन) स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में थोक विज्ञापन अधिकार. | 1826 | 11-03-25 15:50:00 |
| 4 | **ADVT-BCT-ADH-OSN- 392-24-1** (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर प्लेटफॉर्म्स पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 11-03-25 16:00:00 |
| 5 | **ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1** (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु फूट ओवर ब्रिजेस तथा सीढ़ियों की लैंडिंग्स पर अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 11-03-25 16:10:00 |

**टिप्पणी** : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है.

1124

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly


# 246 हथियार, जूते-हेलमेट... राज्यपाल की सख्ती के बाद मणिपुर में मैतेई ग्रुप ने सरेंडर किया लूटा हुआ सामान

एजेंसी

मणिपुर में एक मैतेई समूह 'अरामबाई टेंगोल' के सदस्यों ने गुरुवार को राज्य सरकार को अपने हथियार सौंप दिए। यह कदम राज्य के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला द्वारा मणिपुर में लंबे समय से चली आ रही जातीय हिंसा को समाप्त करने के प्रयासों के तहत सात दिनों के भीतर सभी समुदायों को स्वेच्छा से लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियार और गोला-बारूद को आत्मसमर्पण करने के लिए कहने के कुछ दिनों बाद आया है। सोशल मीडिया पर सामने आए दृश्यों में मैतेई समूह के सदस्यों को पिकअप ट्रकों के बेड़े में हथियार और गोला-बारूद ले जाते हुए दिखाया गया है। बताया जा रहा है कि समूह ने 246 हथियार सरेंडर कर दिए हैं। हथियारों के अलावा उन्होंने सुरक्षाबलों के हेलमेट, जूते, वर्दी और दंगे के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली जैकेट भी सरेंडर की हैं। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 20 फरवरी को राज्य की जनता से अपील की थी कि वे लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को स्वेच्छा से सात दिनों के भीतर पुलिस को सौंप दें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया था कि इस अवधि में हथियार सौंपने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। अरामबाई तेंगगोल के जनसंपर्क अधिकारी रॉबिन मंगांग ख्वायरकपम ने कहा कि भल्ला ने हमसे अवैध रूप से रखे गए हथियारों को सरेंडर करने का भी अनुरोध किया।



...हमने कुछ नियम और शर्तें रखीं और उन्हें आश्वासन दिया कि अगर शर्तें पूरी हुईं तो हथियार सरेंडर कर दिए जाएंगे। अरामबाई तेंगगोल ने भल्ला को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने, कट-ऑफ के रूप में 1951 के साथ राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर को लागू करने, ₹अवैध प्रवासियों₹ के निर्वासन, कुकी समूहों के खिलाफ अभियानों के निलंबन के समझौते को रद्द करने आदि की मांग की गई। इसने यह आश्वासन मांगा कि स्वयंसेवकों या सशस्त्र नागरिकों के खिलाफ कोई गिरफ्तारी या कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी, जिसमें अरामबाई तेंगगोल के लोग भी शामिल हैं, और बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिया जाएगा। मणिपुर में हिंसा मई 2023 में शुरू हुई थी और इसमें कम से कम 260 लोगों की जान गई और राज्य में लगभग 60,000 लोग विस्थापित हुए।

# अखिलेश यादव ने शेयर बाजार में गिरावट के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया

एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारत के शेयर बाजारों में हाल में आई गिरावट के लिए विदेशी निवेशकों द्वारा पैसा निकालने को जिम्मेदार ठहराया और तर्क दिया कि यह भाजपा नीत सरकार के तहत देश की अर्थव्यवस्था में विश्वास की कमी को दशार्ता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यादव ने कहा, देश के शेयर बाजार के लगातार गिरने का कारण यदि विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार से पैसा निकालना है, तो ये दशार्ता है कि विदेशी निवेशकों का भारत की वर्तमान अर्थव्यवस्था से भरोसा उठ गया है उन्होंने कहा, निवेश को आकर्षित करने के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किया जाना निरर्थक अपव्यय है। इसका एक अर्थ ये भी निकलता है कि स्थानीय उद्योग, उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सपा नेता ने कहा, जनता के हाथों में पैसों की बेहद कमी है, जिसके कारण आंतरिक मांग लगातार घट रही है और कंपनियों का मुनाफा भी।


## पश्चिम रेलवे

**ट्रैक आधारित इलेक्ट्रॉनिक रेल लुब्रिकेंट्स का अधिष्ठापन और संचालन**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए) , पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/24-25/293 दि. 25.02.2025** आमंत्रित कीजाती है. **कार्य एवं स्थान** : उकाई सोनगढ़ – जलगांव अनुभाग – उकाई सोनगढ़ से जलगांव के बीच ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर्स (इलेक्ट्रॉनिक टाइप तथा 1 किमी तक का कैरी डाउन इफेक्ट) की आपूर्ति, अधिष्ठापन, क्रियान्वयन और संचालन (5 वर्षीय). **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 5,25,24,985.20. **ईएमडी** : रु. 4,12,600/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 21.03.2025, 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 21.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा.

1129

Like us on: facebook.com/WesternRly



**महाराष्ट्र शासन**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग**
**उत्तर मुंबई (सा.नि.) विभाग, अंधेरी**
**दूरभाष क्र. : 022-26231964**
**ई-निविदा सूचना क्र. 53/2024-2025**
**ई-मेल पता : northmumbai.ee@mahapwd.com**
**दूरभाष/फैक्स क्र. : 26231964/26205788**

महाराष्ट्र सरकार की ओर से, कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (पी.डब्ल्यू.) डिविजन, अंधेरी (प) मुंबई – 58 द्वारा पी.डब्ल्यू.डी. में महाराष्ट्र सरकार के साथ पंजीकृत मुंबई उपनगर जिला (पश्चिमी उपनगर) लेबर को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड मुंबई से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिए बी-1 प्रपत्र में निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन की वेबसाइट https://mahatenders.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं. संस्थाएं केवल अपने उपनगर क्षेत्र के अनुसार ही आवेदन कर सकती हैं, जैसा कि स्तंभ 4 में उल्लेखित है. अन्य किसी भी संस्था पर विचार नहीं किया जाएगा.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.) |
|---|---|---|
| 1 | प्रशासनिक भवन बांद्रा (पू) के वार्षिक रखरखाव और विविध मरम्मत (6 महीने) | Rs.1331806/- |
| 2 | कलानगर रेस्ट हाउस बांद्रा (पू) के वार्षिक रखरखाव और विविध मरम्मत (6 महीने) | Rs.1327947/- |
| 3 | उप कलेक्टर (सम्पदा अधिकारी) कार्यालय बांद्रा (पू), मुंबई के जी.आई. शीट रूफिंग और प्रवेश द्वार के निर्माण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2052832/- |
| 4 | उप कलेक्टर (सम्पदा अधिकारी) कार्यालय के सुधार और फॉल्स सीलिंग की मरम्मत और प्रथम तल पर विविध कार्य बांद्रा (पू), मुंबई के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.1975529/- |
| 5 | शहरी स्वास्थ्य केंद्र बांद्रा (पू), मुंबई में प्रवेश द्वार के पास मीटर रूम, प्रशासनिक अधिकारी के पास स्टोर रूम के नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.1797558/- |
| 6 | शहरी स्वास्थ्य केंद्र बांद्रा (पू), मुंबई के पुराने भवन में भूतल से तीसरी मंजिल पर शौचालय ब्लॉक के नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2199758/- |
| 7 | शहरी स्वास्थ्य केंद्र बांद्रा (पू), मुंबई में जल निकासी प्रणाली की मरम्मत और सुधार के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2244532/- |
| 8 | शहरी स्वास्थ्य केंद्र बांद्रा (पू), मुंबई में जैव चिकित्सा अपशिष्ट कक्ष की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.1547673/- |
| 9 | शहरी स्वास्थ्य केंद्र बांद्रा (पू), मुंबई में स्त्री रोग विभाग के मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू, जिसमें फर्श, मरीज शौचालय की मरम्मत और चेंजिंग रूम के दरवाजे और खिड़की की मरम्मत आदि शामिल हैं. | Rs.2215620/- |
| 10 | चुनाव कार्यालय के अधिकारी के लिए शौचालय ब्लॉक की मरम्मत और नवीनीकरण और 9वीं मंजिल प्रशासनिक भवन बांद्रा (पू), मुंबई में आवश्यक व्यवस्था के लिए एमओडब्लयू. | Rs.2360584/- |
| 11 | 3री मंजिल प्रशासनिक भवन बांद्रा (पू), मुंबई में चुनाव कार्यालय के कर्मचारियों के लिए शौचालय ब्लॉक की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2406789/- |
| 12 | शहरी स्वास्थ्य केंद्र बांद्रा (पू), मुंबई के नए भवन में शौचालय ब्लॉक की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्लयू | Rs.1750218/- |
| 13 | शहरी स्वास्थ्य केंद्र बांद्रा (पू), मुंबई के सामने की ओर चारदीवारी और कंटीले तार की बाड़ की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2356711/- |
| 14 | शहरी स्वास्थ्य केंद्र बांद्रा (पू), मुंबई में अग्निशामक की आपूर्ति और स्थापना के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2309800/- |
| 15 | शहरी स्वास्थ्य केंद्र बांद्रा (पू), मुंबई के पीछे की ओर चारदीवारी और कंटीले तार की बाड़ की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2270897/- |
| 16 | शहरी स्वास्थ्य केंद्र बांद्रा (पू), मुंबई के बाएं तरफ चारदीवारी और कंटीले तार की बाड़ की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू. | Rs.2270999/- |
| 17 | सरकारी सेवक कॉलोनी बांद्रा (पू) मुंबई में भवन संख्या बी-170 से बी-179 तक जल निकासी प्रणाली के नवीनीकरण और सुधार के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2498858/- |
| 18 | सरकारी सेवक कॉलोनी बांद्रा (पू) मुंबई में भवन संख्या बी-202 से बी-211 तक जल निकासी प्रणाली के नवीनीकरण और सुधार के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2498943/- |
| 19 | कांदिवली पुलिस स्टेशन, कांदिवली (प), मुंबई के लिए एमओडब्ल्यू (छत पर मानसून शेड का निर्माण) | Rs.333 1347/- |
| 20 | इस्माइल युसूफ कॉलेज (पू) मुंबई में महिला कॉमन रूम के पास महिला शौचालय के निर्माण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs. 1879653/- |
| 21 | इस्माइल युसूफ कॉलेज, जोगेश्वरी (पू) मुंबई में एनेक्स भवन के लड़कों के शौचालय ब्लॉक के नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2477852/- |
| 22 | इस्माइल युसूफ कॉलेज, जोगेश्वरी (पू) मुंबई में एनेक्स भवन के लड़कियों के शौचालय ब्लॉक के नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2484591/- |
| 23 | प्रशासनिक भवन बांद्रा (पू) में 10वीं मंजिल पर सम्मेलन कक्ष में फर्नीचर, कुर्सी यूनिट, फॉल्स सीलिंग के नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2985742/- |
| 24 | प्रशासनिक भवन, बांद्रा (पू) में 10वीं मंजिल पर सम्मेलन कक्ष और संबंधित कार्यों के सुधार और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2498940/- |
| 25 | जी.एस. कॉलोनी बांद्रा (पू) में क्लास IV भवन संख्या 4 के सीढ़ियों, कनेक्टिंग पैसेज, प्लास्टर और पेंटिंग शौचालय/स्नानघर के सुदृढ़ीकरण मरम्मत के लिए एसडीआर | Rs.1618185/- |
| 26 | इस्माइल युसूफ कॉलेज, जोगेश्वरी (पू) मुंबई में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भवन के शौचालय ब्लॉक के नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2371100/- |
| 27 | आरे वनराई गोरेगांव (पूर्व) मुंबई में भवन संख्या 3 (तीसरी मंजिल) में पुलिस कांस्टेबल क्वार्टर्स की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.1087154/- |
| 28 | एसआरपीएफ परिसर गोरेगांव (पू), मुंबई में जिम्नेज़ियम की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.2408741/- |
| 29 | वनराई पुलिस स्टेशन परिसर, गोरेगांव (पू), मुंबई-63 में वनराई भवन संख्या 3 के पास सम्मेलन कक्ष की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.1663767/- |
| 30 | एसआरपीएफ शौचालय (कमांडेंट कार्यालय के पास) की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs. 1272831/- |
| 31 | तीन डोंगरी पुलिस क्वार्टर (भवन "डी" में पेवर ब्लॉक प्रदान करना और लगाना) गोरेगांव (प) मुंबई के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.1041782/- |
| 32 | भवन संख्या 2, वनराई पुलिस क्वार्टर्स, गोरेगांव (पू) मुंबई में जल आपूर्ति लाइन की मरम्मत के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.1285118/- |
| 33 | आरे वनराई गोरेगांव (पूर्व) मुंबई में भवन संख्या 3 (7वीं मंजिल) में पुलिस कांस्टेबल क्वार्टर्स की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.1066832/- |
| 34 | तीन डोंगरी, भवन संख्या डी, गोरेगांव (प), मुंबई के लिए एमओडब्ल्यू (प्लास्टर और सिविल कार्यों की मरम्मत) | Rs.4206891/- |
| 35 | चारकोप पुलिस स्टेशन, कांदिवली (प) मुंबई में चारदीवारी की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए एमओडब्ल्यू | Rs.1936392/- |
| 36 | सेल्स टैक्स (जीएसटी भवन ए और बी विंग) भवन बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई में जल निकासी लाइन की मरम्मत के लिए एसडीआर | Rs.2441522/- |
| 37 | खाद्य और औषधि प्रशासन भवन, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई में फर्श, पैसेज और सीढ़ी "बी" विंग के संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण की मरम्मत के लिए एसडीआर | Rs.3961094/- |
| 38 | फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी मुख्य भवन, कोले कल्याण, कलीना, सांताक्रुज, मुंबई में जल निकासी लाइन की मरम्मत के लिए एसडीआर | Rs.2330338/- |
| 39 | खाद्य और औषधि प्रशासन भवन, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू) मुंबई में एनिमल हाउस के लिए एसडीआर | Rs.2410346/- |

कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (पी.डब्ल्यू.) डिवीजन, अंधेरी (प) किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार रखते हैं. सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे.
सभी पंजीकृत ठेकेदारों के ध्यानार्थ : ई-निविदा जमा करने की तिथि- 28/02/2025 से 07/03/2025 समय 15:00 बजे तक
ई-निविदा खोलने की तिथि- 08/03/2025 समय 15:00 बजे
संख्या ईई/एनएमडी/1324 वर्ष 2025
कार्यकारी अभियंता का कार्यालय, उत्तर मुंबई (पी.डब्ल्यू.) डिवीजन, दादाभाई रोड, भवन्स कॉलेज के पास, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई - 400 058
दिनांकः- 21 फरवरी 2025

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता,
उत्तर मुंबई (पी.डब्ल्यू.)
डिवीजन, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई

**डीजीआयपीआर/2024-2025/6735**

## संक्षेप

### ट्रैक्टर ने किशोर को कुचला, मौत

**जोधपुर का रहने वाला था, अयोध्या जा रहा था, सड़क पार करते समय हादसा**

सुलतानपुर, अयोध्या-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां कूरेभार थाना क्षेत्र के किरौंदीपुर मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से एक किशोर की मौत हो गई। किशोर की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान जोधपुर, राजस्थान निवासी लक्षित सेन (17) के रूप में हुई है। वह कुड़ी भक्तासनी सेक्टर-4 में कमल स्वीट्स होम के पीछे रहता था। गुरुवार को किशोर अयोध्या दर्शन के लिए जा रहा था, तभी सड़क पार करते समय वो हादसे का शिकार हुआ। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। तहरीर मिलने पर होगी कार्रवाई- एसओ कूरेभार कूरेभार पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ कूरेभार शारदेंदु दुबे ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था बनाई गई है। हाईवे पर आवागमन सुचारू कर दिया गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामला दर्ज करेगी और आगे की कार्रवाई करेगी।

### तेज रफ्तार कार डीसीएम में घुसी, 5 घायल

**लखनऊ से गाजीपुर जा रहे थे, कार में फंसे लोगों को निकालकर पहुंचाया अस्पताल**

सुलतानपुर, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आज एक बड़ा हादसा हुआ। कूरेभार के पास माइलस्टोन 118 पर एक तेज रफ्तार कार ने डीसीएम वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। डीसीएम बाराबंकी के दिनेश कुमार चला रहे थे। वह लखनऊ से गाजीपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पंजाब की किया सोनेट कार ने डीसीएम को टक्कर मार दी। कार चला रहे सूरज मंडल को मामूली चोटें आईं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया कार में सवार अन्य यात्रियों में पटना के गौतम पांडेय, उनकी पत्नी गुड़िया देवी, राजस्थान के सीकर के विनोद और सुनीता शामिल थे। सभी को गंभीर चोटें आईं। यूपीडा और पुलिस की टीम ने सभी घायलों को तुरंत सीएमसी कुरेभार पहुंचाया। बाद में उन्हें सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया।

### विवाहिता ने की आत्महत्या

**पति से फोन पर कहासुनी के बाद लगाई फांसी, पति पूना में करता है नौकरी**

बांदा, जिले के बदौसा थाना क्षेत्र में एक घटना सामने आई है। उतरवां गांव के मजरा फूलचंद्र का डेरा में रहने वाली 25 वर्षीय किरन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना देर शाम की है। किरन ने अपने कमरे में छप्पर की धन्नी से साड़ी का फंदा बनाकर जान दे दी। उसके ससुर फूलचंद्र ने जब यह देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा। जानकारी के अनुसार, किरन का पति कल्लू पिछले चार महीने से पूना में रहकर काम कर रहा है। दंपति की शादी के बाद से ही अलग रह रहे थे। उनकी एक ढाई साल की बेटी है।

# हापुड़ में आवारा कुत्ते-बंदरों के आतंक से लोग परेशान

**नगर पालिका के सभासदों ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



हापुड़, हापुड़ नगर पालिका परिषद क्षेत्र में आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों को इनसे गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बंदरों के हमलावर होने के कारण लोग छत पर जाने से भी डर रहे हैं। सड़कों पर बच्चे भी आवारा कुत्तों के हमले का शिकार हो रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका के सभासदों ने 27 फरवरी को अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया था। हालांकि, अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना 20 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। ठेकेदार के पिता के हार्ट अटैक के कारण अस्पताल में भर्ती होने की वजह से कार्य में देरी हुई है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि सोमवार और मंगलवार से आवारा जानवरों को पकड़ने का काम शुरू हो जाएगा। सभासदों ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो 20 मार्च के बाद फिर से धरना शुरू किया जाएगा। धरने में विकास दयाल, सुनीता वर्मा, सुशील शास्त्री, अब्दुल मलिक, मोनू बजरंग, कासिम, नितिन पाराशर और नदीम जड़ोदिया सहित कई सभासद शामिल रहे। सभासदों ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा।

## टेलीग्राम पर टास्क के नाम पर साइबर फ्रॉड

**श्रीनगर के युवक से 3.20 लाख रुपए ठगे, धमकी देकर मांगे थे पैसे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हापुड़, नगर कोतवाली क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीयूष कुमार शर्मा नाम के युवक को टेलीग्राम पर आसान टास्क करके पैसे कमाने का लालच दिया गया। ठगों ने पहले पीयूष को एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा। फिर उसे टास्क करने के लिए लिंक भेजे। वहीं शुरूआती दिनों में पीयूष ने लिंक के जरिए टास्क पूरे किए। इसके बाद ठगों ने उससे पैसे जमा कराने को कहा। पीयूष अपनी कमाई पाने की उम्मीद में ठगों को पैसे भेजता रहा। पीड़ित ने पांच बार में कुल 3 लाख 20 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। इतनी बड़ी रकम लेने के बाद भी ठग और पैसों की मांग करते रहे। जब पीयूष ने पैसे देने से मना किया, तो उसे धमकाया गया। ठगों ने कहा कि अगर और पैसे नहीं दिए तो टास्क का पैसा नहीं मिलेगा। इसी दौरान पीयूष को अपने साथ धोखाधड़ी का एहसास हुआ।

# महाकुंभ में एक महिला ने ही चुराए 32 मोबाइल

**होमगार्ड ने रोका तो बैग छोड़कर भागी, साइबर सेल लौटा रहा मोबाइल; होमगार्ड को इनाम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, 66 करोड़ श्रद्धालुओं की भीड़, ऐसे में चोर उचक्कों ने भी भीड़ का फायदा उठाने की कोशिश की। एक महिला अकेले ही महाकुंभ में श्रद्धालुओं के 32 मोबाइल चोरी कर ली। वह बैग में मोबाइल भर मेला से बाहर जाने लगी तो फंस गई। एक होमगार्ड को शक हुआ। उसने महिला को रोकने की कोशिश की तो वह बैग छोड़कर भीड़ के बीच से निकल भागी। होमगार्ड ने बैक चेक किया तो उसमें 32 मोबाइल मिले। मामला पुलिस अधिकारियों तक पहुंचा और मोबाइल जिनके थे उन्हें लौटाए गए। महिला की तलाश की जा रही है। महाकुंभ के आखिरी दिन जीटी जवाहर झूंसी पर यातायात व्यवस्था के लिए होमगार्ड मस्तराम दुबे को लगाया गया था। वे श्रावस्ती के रहने वाले हैं। ड्यूटी के दौरान एक संदिग्ध महिला दिखाई दी। उसके पास एक छोटा सा बैग था। बैग काफी भारी लगने पर होमगार्ड को शक हुआ। उसने महिला को रोका तो वह हड़बड़ा गई और बैग वहीं छोड़कर भागने लगी। बैग की तलाशी ली गई तो उसमें 32 मोबाइल फोन मिले। होमगार्ड मस्त राम दुबे ने क्षेत्राधिकारी यातायात जैनेंद्र नाथ अस्थाना को सूचना दी। क्षेत्राधिकारी यातायात के दिशा-निर्देशों पर 32 मोबाइल फोन को साइबर थाना महाकुंभ के सुपुर्द किया गया। थाना साइबर सेल महाकुंभ ने श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों के खोए हुए फोन की जानकारी एकत्रित करके तत्काल संबंधित मोबाइल फोन के परिजनों को सूचना दी। पांच परिवार तत्काल मोबाइल लेने पहुंच गए। जबकि कई लोगों को मोबाइल बाद में दिया जाएगा। पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने होमगार्ड मस्तराम दुबे की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार दिया।

# छोटे भाई ने मां और बड़े भाई को मारी तलवार

- दोनों की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती, जमीन बंटवारे को लेकर खूनी वारदात

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जायस कोतवाली क्षेत्र में जमीन बंटवारे को लेकर एक बेटे ने अपनी मां और बड़े भाई पर तलवार से हमला कर दिया। घटना वहाबगंज कस्बे में बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे स्थित एक मकान में हुई। घर के बंटवारे को लेकर पहले सास और छोटी बहू में कहासुनी हुई। इसके बाद छोटा बेटा अपनी मां को मारने लगा। बड़ा बेटा मनोज कुमार जब मां को बचाने आया, तो छोटे भाई ने घर में रखी तलवार निकालकर दोनों पर कई वार कर दिए। हमले में मां प्रेमा देवी और बड़े भाई मनोज लहूलुहान होकर बेहोश हो गए। हमलावर ने खुद 112 पर पुलिस को सूचना दी और फिर मौके से फरार हो गया। घायलों को पहले सीएचसी फुरसतगंज ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया। मनोज की पत्नी ने बताया कि उनके पति मंडी समिति जायस बहादुरपुर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। देवर पास के वेस्टर्न यूनियन बैंक में काम करता है। एक महीने पहले प्रेमा देवी ने अपने मकान का वसीयतनामा दोनों बेटों के नाम कर दिया था। इसके बावजूद छोटा बेटा मां से लड़ता रहता था। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच

# अलीगढ़ में युवक ने खाया जहर, मौत

**मृतक के भाई ने ससुरालीजनों पर लगाया मारपीट का आरोप, मृतक की पत्नी पर भी लगे आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, अलीगढ़ के गांधीपार्क थाना क्षेत्र के नगला मानसिंह इलाके में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थिति में जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने के कारण उसकी हालत बिगड़ गई और जब तक परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी ओर मृतक के बड़े भाई ने उसकी पत्नी और ससुराल के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि मृतक को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। न्यू बेगमबाग कल्याण नगर निवासी सोनू ने बताया कि उसका छोटा भाई नीरज (30) सैलून पर काम करता था। 4 साल पहले उसका विवाह शिवानी पुत्री अंगल सिंह निवासी नगला मान सिंह के साथ हुआ था। सोनू ने बताया कि यह विवाह दोनों परिवार की सहमति से हुआ था। लेकिन शादी के कुछ साल बाद ही शिवानी उसके भाई नीरज पर परिवार से अलग रहने का दबाव बनाने लगी। शिवानी कहती थी कि नीरज अपने हिस्से का मकान और जमीन बेंच दे और उसके साथ दूर जाकर मकान लेकर रहे। लेकिन नीरज मना कर देता था। इसी बात से नाराज होकर शिवानी मायके चली गई थी। भाई ने आरोप लगाया कि 25 फरवरी को नीरज के सास, ससुर, साले और साली उसके घर आए थे और उसे धमकाया था। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी दी थी। लगभग 1 घंटे बाद उन्होंने फोन करके नीरज को अपने घर बुलाया था और वहां पर उसके साथ जमकर मारपीट की थी। इसके बाद ही नीरज ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पीड़ित भाई ने बताया कि ससुराल के लोगों ने ही उसे फोन करके बताया था कि नीरज ने जहरीला पदार्थ खा लिया। भाई ने आरोप लगाया कि उसे संदेह है कि आरोपी ससुरालीजनों की वजह से ही उसके भाई की मौत हुई है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सीओ राजीव द्विवेदी ने बताया कि परिवार की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शव का पोस्टमार्टम करा लिया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सपा की अमेठी में महत्वपूर्ण बैठक



- पीडीए गठबंधन की रणनीति पर चर्चा, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का लक्ष्य

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, समाजवादी पार्टी ने पीडीए की दो महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित कीं। बैठकें बीरी पुर और अंगरावा में हुईं। सपा जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने बैठकों की अध्यक्षता की। राम उदित यादव ने कहा कि पीडीए गठबंधन सामाजिक न्याय और विकास की राजनीति को मजबूत करेगा। उन्होंने आगामी चुनावों में साम्प्रदायिक ताकतों को हराने का संकल्प लिया। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान और संगठन विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यकताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में सिन्धू जीत सिंह, चंद्रशेखर यादव, ओम प्रकाश और शेष नारायण सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजेश मिश्रा ने बैठक की जानकारी साझा की।

# इलाज के दौरान मरीज की मौत पर हंगामा

**अमेठी के संजय गांधी अस्पताल के डॉक्टर पर नशे में ऑपरेशन का आरोप, कार्रवाई की मांग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, संजय गांधी अस्पताल में एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। गौरीगंज थाना क्षेत्र के मऊ गांव निवासी शिवराम मिश्र की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ.संजय द्विवेदी पर नशे में ऑपरेशन करने का गंभीर आरोप लगाया है। मरीज को सीने में दर्द की शिकायत के बाद बीती शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ईसीजी और एंजियोग्राफी के लिए उन्हें ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। उस समय डॉ. सतेंद्र तिवारी के साथ डॉ. प्रशांत द्विवेदी और डॉ. संजय द्विवेदी भी मौजूद थे। परिजनों का कहना है कि मरीज पूरी तरह स्वस्थ थे और बातचीत कर रहे थे। डॉ. संजय तिवारी के मुंह से शराब की बू आ रही थी। रात करीब डेढ़ बजे डॉक्टरों ने मरीज की मौत की सूचना दी। मौत की खबर सुनते ही परिजन आक्रोशित हो गए। स्थानीय विधायक राकेश प्रताप सिंह के भाई और गौरीगंज ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे। अस्पताल में घंटों हंगामा चलता रहा। इस दौरान आरोपी डॉक्टर मौके से फरार हो गए। करीब चार बजे मृतक के पुत्र देव प्रकाश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

उन्होंने आरोपी डॉक्टर और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आशुतोष राणा ने संत प्रेमानंद को शिव तांडव सुनाया

**एक्टर बोले – आपकी दृष्टि पड़ जाए तो सैनिटाइज हो जाऊंगा, महाराज खिलखिलाकर हंस पड़े**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा गुरुवार को संत प्रेमानंद महाराज से मिलने वृंदावन स्थित उनके केली कुंज आश्रम पहुंचे। जहां उन्होंने संत प्रेमानंद का आशीर्वाद लिया और उनकी अच्छी सेहत की कामना की। प्रेमानंद महाराज से कहा- आपकी दृष्टि पड़ने मात्र से ही मैं सैनेटाइज हो गया। आशुतोष राणा आश्रम में करीब 10 मिनट तक रहे। उन्होंने हिंदी में शिव तांडव सुनाया, जिसे सुन संत महाराज हैरान रह गए और खिलखिलाकर हंसने लगे। हाल ही में आशुतोषा राणा की फिल्म छावा आई है। जिसमें उन्होंने हम्बिरराव मोहिते का किरदार निभाया है, जो छत्रपति संभाजी के रिश्ते में मामा थे। उनके अभिनय को फैंस ने काफी सराहा है। केलीकुंज आश्रम पहुंचने पर एक्टर आशुतोष राणा ने प्रेमानंद महाराज को दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम किया। बताया- 'मेरा नाम आशुतोष राणा है। मैं एक अभिनेता हूं, अभिनय करता हूं। बस मन में इच्छा थी, जो हम लोग सुनते थे। अपने सिद्धों से निष्ठा भक्ति भजन से आप ऊपर हैं, तो मैंने सोचा कि एक बार आपकी दृष्टि मेरे ऊपर पड़ जाएगी तो हम सैनिटाइज हो जाएंगे।' आशुतोष राणा ने कहा, मेरी पत्नी भी अभिनेत्री है, वह भी आपको सुनती हैं। मेरा छोटा पुत्र भी आपको सुनता है। उन्होंने भी आपके चरण स्पर्श कहा है और आपकी उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है। इस पर प्रेमानंद महाराज ने कहा, अगर शरीर अस्वस्थ है और मन स्वस्थ है तो कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा रोज डायलिसिस होता है। जिस पर अभिनेता आशुतोष राणा ने कहा, मुझे नहीं लगता, जिस पर महाराज हंस पड़े। अभिनेता आशुतोष राणा ने कहा, आप मुझे हर तरह से स्वस्थ नजर आ रहे हैं। आशुतोष राणा ने कहा- मैं अपने गुरु दद्दा जी महाराज की शरण में 1984 में आ गया था। 2020 अंतिम सांस तक उनके साथ रहा। यह तो गुरु कृपा है, जो आपके दर्शन हो गए। अन्यथा हम लोग माया के पंथ में फंसे रहते हैं। इस पर प्रेमानंद महाराज ने कहा- अपनी प्रतिष्ठा, अपने धन और भोग वासनाओं को एक साइड में करके भक्ति पथ पर चलना कठिन है। लोक प्रतिष्ठा मिलती है। इसके आगे चलने की कोई इच्छा नहीं होती। आशुतोष राणा ने कहा- महाराज बस आपकी कृपा हम पर बनी रहे। स्वास्थ्य को लेकर चल रही चचाओं पर आशुतोष राणा ने कहा, मैं अब आपके स्वास्थ्य को लेकर नहीं पूछूंगा। आप अभी 80-85 वर्ष रहेंगे। इस पर प्रेमानंद महाराज ने कहा- 20 साल हो गए हैं, हमारी किडनी खराब हुए।

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग

**हसनपुर में ग्रामीणों ने रोका निर्माण कार्य, ठेकेदार ने कमीशनखोरी का दिया हवाला**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



हसनपुर, ग्राम भदौरा से ढक्का मार्ग के पुनर्निर्माण में गुणवत्ता की कमी को लेकर ग्रामीणों ने कार्य रुकवा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार मानक से कम बजरी का उपयोग कर रहा है। भारतीय किसान यूनियन के संजीव बालियान और पूर्व प्रधान मुकेश कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुंचे। उन्होंने पाया कि सीमेंट कार्य में कई खामियां हैं। सड़क के समतलीकरण के लिए वाइब्रेटर का उपयोग नहीं किया जा रहा है। दोनों सिरे भी समतल नहीं किए गए हैं। एक अन्य गंभीर समस्या यह है कि सड़क के पश्चिम की नाली का पानी पूर्व में स्थित तालाब तक पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जब ठेकेदार से इस बारे में पूछा गया तो उसने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को दिए जाने वाले कमीशन का हवाला दिया। विरोध प्रदर्शन में कृष्ण कुमार शर्मा, सतपाल सिंह, जसवीर, सुंदर पाल, कृपाल सिंह, अनिल कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक मानक के अनुसार निर्माण कार्य नहीं होगा, वे काम शुरू नहीं होने देंगे।

# युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**दोपहर से था लापता, रात में पंचायत भवन के पास मिला शव, हत्या का आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, बाजार शुकुल थाना क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान महोना पूरब गांव के राम मूरत (21) के रूप में हुई। वह दोपहर से लापता था। मवैया रहमत गढ़ गांव के पंचायत भवन के पास रात में एक पेड़ पर मफलर से लटका शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। कई घंटों की कोशिश के बाद मृतक की पहचान हो सकी। मृतक के पिता रामधन ने बताया कि उनका बेटा मंगलवार दोपहर से गायब था। उन्होंने हर जगह तलाश किया। उनका कहना है कि परिवार में कोई विवाद नहीं था, जिससे बेटा आत्महत्या करता। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा परिजनों ने अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि राम मूरत की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच जारी है।

# शहीद चंद्रशेखर आजाद की याद में रक्तदान शिविर

**सुल्तानपुर में 39 यूनिट रक्तदान, एडीजे ने किया रक्तदाताओं का सम्मान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के ब्लड बैंक में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सलिल कुमार श्रीवास्तव ने किया। शिविर में संगठन के 39 सदस्यों ने रक्तदान किया।

अपर जिला जज विजय कुमार गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सीएमएस डॉ. एस.के. गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए जाना जाता है। संघ के मार्गदर्शक निजाम खान ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारत की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में नफीसा बानो, राशिद वर्दी टेलर, सत्य प्रकाश वर्मा और सुलतान महमूद कैफी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।।सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।